हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 17 फरवरी 2025



**खबर संक्षेप**

### बार में गाली-गलौज मारपीट, अपराध दर्ज

**राजनांदगांव।** शहर के एक बार में गत दिवस बार कर्मचारी से गाली9 गलौज व मारपीट किए जाने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार लालबाग थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी राजेश कुमार कुंजाम ने रिपोर्ट दर्ज कराया है कि वह रेवाडीह के होटल राज राजइम्पीरियल में बेल बाय का काम करता है। 12 फरवरी की रात्रि राजइम्पीरियल बार में कुछ लोग शराब पीने आए, जिन्हें शराब पीते रात्रि लगभग 11.35 बज गया था, जिन्हें समय ज्यादा हो गया कहने के बाद भी पीते रहे। बार स्टाफ घनाराम द्वारा बिल दिया गया, तो गाली-गलौज करने लगे और प्रार्थी तथा साथी कर्मचारी दीनाराम , निखिल को आरोपी शमशुल आलम, उदित, शुभम व अन्य एक ने धक्का मुक्की देकर मारपीट की। घटना के वक्त वहा कार्यरत संदीप तिवारी व अन्य ने बीच-बचाव किया। जिसकी सूचना डायल 112 को दी गई। इस दौरान आरोपी भाग गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

**मॉय एंगल**




## त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव: सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान, तत्काल गिने जाएंगे मत

# तीन जिलों की 12 जिला पंचायत के लिए मतदान आज
# 64 जनपद, 259 सरपंच के साथ चुने जाएंगे 2060 पंच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव निपटने के बाद अब आज से त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव का आगाज होने जा रहा है। तीन चरण में होने वाले ग्रामीण चुनाव में पहले चरण का मतदान आज कराया जाएगा। सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। वहीं इसके तत्काल बाद मतगणना का काम शुरू कर दिया जाएगा। देर रात तक प्रत्याशियों को मिलने वाले मतों का आंकड़ा भी सामने आ जाएगा। हालांकि प्रशासन परिणाम की घोषणा अगले दिन 18 फरवरी को करेगा।

आज होने वाले पहले चरण के मतदान के तहत अविभाजित राजनांदगांव जिले में 12 जिला पंचायत, 64 जनपद सदस्य, 259 सरपंच और 2060 पंच पदों को लेकर मतदान कराया जाएगा। ज्ञात हो कि पहले चरण के तहत राजनांदगांव जिले की राजनांदगांव ब्लॉक, केसीजी जिले का छुईखदान ब्लॉक के साथ ही एमएमसी जिले के मानपुर ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में मतदान कराया जाएगा। इधर प्रशासन ने मतदान से एक दिन पहले सभी मतदान केंद्रों के लिए सामग्रियों का वितरण भी कर दिया है। जनपद मुख्यालय में सभी कर्मचारियों को बैलेट पेपर के साथ ही मतपत्र रखने के लिए दो-दो पेटियों दी गई है। यह कर्मचारी सुबह से मतदान कराने के बाद शाम को ही मतगणना का कार्य भी करेंगे। अविभाजित जिले में पहले चरण के तहत लगभग छह हजार कर्मचारियों की तैनाती की गई है।

### छुईखदान, मानपुर-राजनांदगांव ब्लॉक की ग्राम पंचायतों में मतदान आज, परिणाम आएंगे कल




### बैलेट पेपर से चुनाव

ज्ञात हो कि भले ही नगरीय निकाय चुनाव में मतदान की प्रक्रिया ईवीएम से कराई गई हो, लेकिन त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान मतपत्र के जरिये कराए जाएंगे। वहीं सभी मतदाताओं को चार पदों के लिए अलग-अलग रंग के मतपत्र दिए जाएंगे। यदि कोई मतदाता किसी पद के लिए मतदान नहीं करना चाहता तो भी उसे अपना मतपत्र बिना किसी प्रत्याशी का चयन किए खाली मतपेटी में डालना होगा। चुनाव के तहत पंच के लिए सफेद, सरपंच के लिए नीला, जनपद सदस्य के लिए पीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी रंग के मतपत्र तैयार कराए गए हैं।

### जिलेवार इतने पदों के लिए चुनाव

पहले चरण के तहत आज राजनांदगांव जनपद का चुनाव कराया जाना है। इनमें चार जिला पंचायत सदस्य, 25 जनपद पंचायत सदस्य, 109 सरपंच और 1208 पंच पदों के लिए चुनाव कराए जाएंगे। केसीजी जिले के छुईखदान ब्लॉक की पांच जिला पंचायत सीटें, 25 जनपद सदस्य, 94 सरपंच और 593 पंच का चुनाव होगा। ऐसे ही एमएमसी जिले के मानपुर ब्लॉक में तीन जिला पंचायत सदस्य, 14 जनपद सदस्य, 56 सरपंच और 259 पंच पदों के लिए आज मतदान कराया जाएगा।

### देर शाम मनेगा जश्न

भले ही प्रशासन परिणाम की घोषणा 18 फरवरी को करेगा, लेकिन मतदान के बाद मतगणना होने से सभी प्रत्याशियों को यह पता चल जाएगा कि उन्हें कितने मत हासिल हुए हैं। इस आधार पर प्रत्याशी अपनी हार-जीत का आंकलन कर लेते हैं। यही कारण है कि आज ही देर शाम को जीत-हार का जश्न भी गांव में मनना शुरू हो जाएगा।

### दिग्गजों की साख दांव पर

आज होने वाले जिला पंचायत चुनाव के तहत अविभाजित जिले के कई दिग्गज नेताओं की साख दांव पर लगी हुई है। इनमें राजनांदगांव जिले से भागवत साहू, अंगेश्वर देशमुख, भुनेश्वर बघेल के नाम शामिल हैं। केसीजी जिले में विक्रांत सिंह, निर्मला विजय वर्मा, प्रियंका ताम्रकार और एमएमसी जिले में  भोजेश शाह मंडावी, राधिका अंगारे, दिनेश शाह मंडावी और कविता राणा जैसे नेता चुनावी मैदान में है।

### इन सीट पर चुनाव

जिला पंचायत की 12 सीटों पर आज मतदान कराए जाने हैं, इनमें राजनांदगांव जिले का क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा, 2 लिटिया, 3 टेड़ेसरा व 4 सिंघोला शामिल है। ऐसे ही केसीजी जिले की क्षेत्र 1 से 5 और मोहला-मानपुर जिले में औंधी, खड़गांव और मानपुर जिला पंचायत सीटों के लिए मतदान कराया जाएगा।

## त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के लिए पोलिंग पार्टिया रवाना, आज मतदान

**राजनांदगांव।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण का मतदान 17 फरवरी को संपन्न होना है। जिसके लिए शहर के प्यारेलाल स्कूल मैदान से मतदान सामग्री मत पेटी, मतपत्र, लिफाफे, स्टेशनरी, आवश्यक दवाईयां वितरण कर मतदान दल को रवाना किया गया।

तहसीलदार मनीष वर्मा ने बताया कि राजनंदगांव विकासखंड क्षेत्र के 114 ग्राम पंचायत में 312 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। जिसके लिए मतदान सामग्री देकर मतदान दल रवाना किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक मतदान दल में एक पीठासीन अधिकारी और तीन मतदान अधिकारी रहेंगे। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और शिक्षिकाओं की सहायता भी ली जाएगी। मतदान कर्मचारियों को रवाना करने के लिए प्रशासन द्वारा अधिग्रहित किए गए बसों के माध्यम से मतदान दलों को मतदान केन्द्रों में भेजा गया। प्रथम चरण के तहत मतदान की प्रक्रिया सोमवार सुबह 7 से दोपहर 3 बजे तक संपन्न होंगे।



### पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर राजनांदगांव के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा ने बताया कि पहले चरण के तहत होने जा रहे मतदान में सभी पोलिंग बूथ पर एक-एक पुलिस जवान की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं 20 पेट्रोलिंग भी पार्टी रहेगी। मतदान की सुरक्षा व्यवस्था में लगभग 1250 से अधिक पुलिस जवान तैनात रहेंगे।

### सामग्री वितरण में देरी

सामग्री वितरण के लिए पोलिंग पार्टियों को सुबह 7 बजे से बुलाया गया, लेकिन दोपहर लगभग 1 बजे तक भी उन्हें पूरी सामग्री का वितरण नहीं हुआ था। जिसके चलते कुछ मतदान दल के कर्मचारियों में रोष देखा गया। मतदान की प्रक्रिया संपन्न करने के लिए लगभग 1200 कर्मचारियों की ड्यूटी राजनांदगांव विकासखंड में लगाई गई है। वहीं 10% रिजर्व मतदान दल भी रखा गया है।



## खबर संक्षेप

### जो गोविंद का, उसी के साथ गोविंद



**छुईखदान।** हम देखते हैं कि लोग धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों मे बढ़ चढ़कर भाग लेते है। अनुष्ठानों में दिल खोलकर चढावा चढ़ाते है किन्तु बदले में कुछ चाह जरूर रखते है जो गडबड है। प्रभु से बदले मे कुछ न चाहकर केवल प्रेम चढाकर तो देखो गोविंद बहुत कुछ देंगे। उक्त उदगार नरेन्द्र नयन शास्त्री ने रगरा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में व्यासपीठ की आसंदी से व्यक्त किए। उन्होंने जनसमूह को श्रीमद भागवत पुराण कथा के मूल दर्शन को परिभाषित करते हुए बताया कि लोग पैसा, पद, प्रतिष्ठा, पावर के पीछे भाग रहे है, और यही सज्जन लोग विभिन्न धार्मिक आयोजन भागवत कथा, शिवपुराण कथा, यज्ञ आदि में शामिल होकर गोविंद की प्राप्ति की कल्पना करते है जो संभव नहीं है। साफ बात यह है कि जो गोविंद का होगा, उसी के गोविंद होंगे। उन्होंने बताया कि कथा और दृष्टान्तो के माध्यम से कल्याण का मार्ग बता रहे हैं। बताकर यहां से चले जाएंगे। मार्ग पर चलना है या नहीं यह तय आपकों को करना है।

### गैंदाबाई सहारे का निधन



**डोंगरगढ़।** दंतेश्वरी वार्ड 02 निवासी गैंदाबाई सहारे पति हरिचंद सहारे का शनिवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को वार्ड 3 स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वह प्रेस क्लब ऑफ डोंगरगढ़ के कोषाध्यक्ष महेश सहारे, सदस्य कृष्णा सहारे की माता थी।

### वार्डों में बराबर रहे भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी

# भाजपा का वनवास खत्म, अजय पटेल बने नगर पंचायत अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

स्थानीय नगर पंचायत की सत्ता से करीब 14 वर्ष तक दूर रहने के बाद भाजपा ने वनवास खत्म कर शानदार वापसी किया है। भाजपा के अजय पटेल ने शानदार जीत हासिल करते हुए अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया है । नगर के 15 वार्डों में भाजपा- कांग्रेस के सात-सात पार्षद जीतने में कामयाब हुए। वार्ड 6 में निर्दलीय प्रत्याशी ने धमाकेदार जीत दर्ज किया है। वार्ड 5 में भाजपा एवं कांग्रेस को बराबर मत मिलने के बाद लाटरी पद्धति से कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी घोषित किया गया।

शनिवार को होने वाली मतगणना को लेकर पहले ही संपूर्ण तैयारी कर लिया गया था। सुबह नौ बजे सामुदायिक भवन में भाजपा- कांग्रेस प्रत्याशियों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशियों की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर आकांक्षा साहू एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अजय सिंह ने स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीन को मतगणना पर्यवेक्षक के 15 टेबल पर रखकर मतगणना शुरू कराया।

जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी अजय पटेल को 1451 मत मिले। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी रितेश जैन को 756 मत एवं कांग्रेस से बागी प्रत्याशी भोजवानी साहू को 498 मत, हमर राज पार्टी के मनभावन सिंह उइके को 124 मत प्राप्त हुए। भाजपा प्रत्याशी श्री पटेल ने 695 मतों से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस रितेश जैन को हराया। श्री पटेल के विजयी घोषित होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गगनभेदी नारों और आतिशबाजी के साथ नगर में विजयी रैली निकालकर नगरवासियों का अभिवादन किया। इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, एमडी ठाकुर, जगजीत सिंह भाटिया, सुरेन्द्र सिंह भाटिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष कांता साहू, खिलेश्वर साहू, महामंत्री संजय सिन्हा, स्वप्निल पटेल, मोनू गुप्ता, प्रिंस भाटिया, शेखर भरद्वाज, डॉ. लोकेश चन्द्राकर, सोनू कसेर, सलमान खान सहित अन्य उपस्थित थे।



### कांग्रेस प्रत्याशी 14 वार्डों में हारे

मतगणना शुरू होने के बाद कांग्रेसी तब आश्चर्यचकित हो गए जब नगर के 15 वार्डों में से 14 वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशी रितेश जैन को हार का सामना करना पड़ा । वार्ड सात गुरू गोविंद सिंह से उन्हें 92 मत प्राप्त हुए। उन्होंने 11 मतों से बढ़त हासिल किया।

### दो निर्दलियों में मुकाबला

वार्ड 6 अहमद भाई में भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशियों को निर्दलीय चुनाव लड़ रहे दो प्रत्याशियों ने पछाड़ दिया। इस वार्ड के निर्दलीय प्रत्याशी अनिल लारोकर को 65 मत मिले वहीं दूसरे निर्दलीय आशिक खान को 54 मत प्राप्त हुए। इस तरह अनिल लारोकर 11 मतों से विजयी रहे। कांग्रेस को इस वार्ड में 24 और भाजपा के खाते में 19 मत आए।

### भाजपा-कांग्रेस के बीच टाई

वार्ड 5 में पार्षद पद का नतीजा चौंकाने वाला आया। इस वार्ड में भाजपा प्रत्याशी रूखसाना खान और कांग्रेस प्रत्याशी सोनू खान को 61- 61 मत मत मिले। बराबर मत मिलने के बाद निर्वाचन अधिकारियों ने लाटरी पद्धति से चिट निकाला जिसमें सोनू खान को निर्वाचित हुए।

### भाजपा-कांग्रेस के सात-सात पार्षद

नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा के अजय पटेल ने धमाकेदार जीत दर्ज किया किंतु नगर के 15 वार्डों में भाजपा- कांग्रेस के सात-सात प्रत्याशी चुनाव जीते। एक वार्ड में निर्दलीय ने जीत दर्ज किया। भाजपा से वार्ड 4 में बिन्दु तीरथ साहू, वार्ड 8 से टामेश्वर कुंभकार, वार्ड 9 से ललिताबाई कुंभकार, वार्ड 12 से गौरी सिन्हा, वार्ड 13 से सलूजा कोमरे, वार्ड 14 से दानेश्वर मंडावी, वार्ड 15 से भूषण नेताम ने जीत हासिल किया। इसी तरह कांग्रेस से वार्ड 1 से दीपक जगने, वार्ड 2 से रोशन रजक, वार्ड 3 से मोहम्मद वसीम, वार्ड 5 से सोनू खान, वार्ड 7 से राधे ठाकुर, वार्ड 10 दबीज खान, वार्ड 11 से मनोज यादव ने जीत हासिल किया। वार्ड 6 से अनिल लारोकर ने जीत दर्ज किया।

# सांसद पांडे ने नुक्कड़ सभा को किया संबोधित

### लोगों को बताई सरकार की योजनाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में शुक्रवार शाम को सांसद संतोष पांडेय ग्राम कुकुरमुड़ा में नुक्कड़ सभा को संबोधित कर भाजपा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 के प्रत्याशी प्रियंका ताम्रकार एवं जनपद प्रत्याशी डोमार सिंह को जिताने की अपील की।

उन्होंने कहा कि जनता ने केन्द्र और राज्य में कमल खिलाया है। अब समय हर गांव में कमल खिलाने का है।

अपने गांव के विकास के लिए ग्रामीण जैसा सपना संजोऐ हुए हैं, उसे साकार करने के लिए भाजपा उमीदवार को जिताकर जिला पंचायत भेजना है, ताकि कोई गांव मूलभूत सुविधा का मोहताज न हो और शहर जैसी सुविधा ग्रामीणों को मिले। उन्होंने केन्द्र और राज्य की कल्याणकारी योजना को बताकर भाजपा उम्मीदवार को जिताने की अपील किया। सभा को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष घम्मन साहू, खम्मन ताम्रकार ने भी संबोधित किया।

### जनता ने कांग्रेस के कुशासन को नकारा



**डोंगरगांव।** भाजपा नेत्री हिना जैन ने नगर पंचायत चुनाव के परिणाम पर प्रसन्नता जताते हुए कहा है कि शहर के लोगों ने एक बार फिर अपनी जागरूकता और विकासपरक सोच से मतदान कर भाजपा पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि परिणाम से यह साबित हो गया है कि विकास का दावा करने वाली कांग्रेस यह बताने में बताने में पूरी तरह नाकाम रही कि बीते 15 सालों में शहर के विकास के लिए उसने क्या- क्या किया। लगातार सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस के पार्षद लोगों को यह नहीं बता पाए कि उन्होंने पार्षद निधि का उपयोग करते हुए अपने वार्ड में क्या किया। उन्होंने उम्मीद जताया कि नगर अध्यक्ष और सभी पार्षद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप काम कर जनता की उम्मीदों करेंगे।

# लाल बहादुर नगर में खिला कमल



■ पहले चुनाव में देवेन्द्र साहू अध्यक्ष निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

लाल बहादुर नगर में पहली बार हुए नगर पंचायत के चुनाव में भाजपा के देवेंद्र साहू अध्यक्ष एवं आठ पार्षद विजय हुए है। नगर के वार्ड 2 से रमेश यादव, वार्ड 3 से मोरध्वज साहू, वार्ड 7 से राजेश देवांगन, वार्ड 8 से छबिधर साहू, वार्ड 9 से टिकेश्वर साहू, वार्ड 10 से प्रीति ताम्रकार, वार्ड 13 से मृगलाल साहू, वार्ड 15 से रामजी साहू निर्वाचित हुए है।

निर्दलीय के रूप में वार्ड 1 से रूपचंद निर्मलकर, वार्ड 5 से योगेश साहू, वार्ड 6 से निकिता ताम्रकार विजय हुए।

परिणाम की घोषणा होने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जन में खुशी की लहर दौड़ गई। निर्वाचित जनों ने विजय जुलूस निकालकर नगरवासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर भरत वर्मा, राजेंद्र तिवारी, सुनील जैन चीकू, मनोज कांदे, अशोक साहू, हरि मंडल, प्रीत साहु, राजकुमार साहू, नोबल साहू, पवन यदु, बुढ़वा देवांगन, वूमेनसिंह देवांगन, वेदराम ताम्रकार, उमेंद्रसिंह देवांगन, सोहन साहू, सूरजभान साहू, मंगलू साहू, खेदु साहू, हुकुमचंद साहू, शोभा साहू, सालिक साहू, राजू यादव, घामोतिन कंवर, सोना पटेल, सालिक साहू, अवध साहू मौजूद थे।

### आगजनी से मोपेड और सामान खाक

**सड़क अतरिया।** ग्राम नर्मदा में शुक्रवार की रात एक ग्रामीण के घर आग लग गई। आगजनी से घरेलू समान सहित एक मोपेड जलकर राख हो गई। जानकारी अनुसार चन्द्रेश, मुकेश निषाद का परिवार रोज की तरह रात को भोजन कर सो रहा था। रात करीब 10 बजे कुछ ग्रामीणों ने उनके घर से आग की लपटे उठते देखा तब घर वालों को बताया। आग तेजी से फ़ैल रही थी। जहां आग लगी वहां करीब आधा दर्जन मवेशी बंधे थे तथा एक मोपेड खड़ी थी। । घर वाले तथा ग्रामीण जैसे तैसे मवेशियों को बाहर निकाला परन्तु मोपेड जल कर राख हो गई। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।



# मंदिर में प्रतिमा की स्थापना




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बेलगांव में सामाजिक सहयोग से माता बहादुर कलारीन मंदिर का निर्माण किया गया है। मंदिर में मूर्ति स्थापना से पहले शोभायात्रा निकालकर भ्रमण किया गया। महाराज ने विधि विधान से मूर्ति स्थापना कराया।

मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थी। उन्होंने माता बहादुर कलारीन एवं भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना किया। उन्होंने कहा कि कलार सिन्हा समाज की एकता अन्य के लिए एक मिसाल है। समाज सभी क्षेत्र में आगे है जिसके कारण ही मोहारा का रवेन्द्र सिन्हा ने नायब तहसीलदार की परीक्षा में सफलता हासिल किया। जिला अध्यक्ष शिवाशंकर डडसेना ने कहा कि दीपक सिन्हा के प्रयास से कलार समाज एक सूत्र में बंध रहा है। अंत में ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डागेश्वर सिन्हा, मनोज सिन्हा, पुष्पा वर्मा, नाथूराम सिन्हा, लुकेश सिन्हा, निर्मला जितेंद्र सिन्हा, गंगाप्रसाद सिन्हा, चंद्रा सिन्हा, उत्तम सिन्हा, सुरेश सिन्हा, केदान सिन्हा, पूनम सिन्हा, भीमलाल सिन्हा, हरप्रसाद सिन्हा, पुष्पा सिन्हा तुलसीराम सिन्हा, ओमकार सिन्हा, राजेश सिन्हा, धनेश आदि उपस्थित थे।

# पंचायत चुनाव की बढ़ी सरगर्मी, प्रत्याशी जुटे प्रचार में








हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 की भाजपा अधिकृत प्रत्याशी किरण वैष्णव ने गत दिनों विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर ग्रामीणजनों से मुलाकात किया। उन्होंने लोगों को भरोसा दिलाया कि क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि सशक्त और विकसित पंचायत बनाना और ग्रामीणों को सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराना उनका लक्ष्य है। श्रीमती वैष्णव ने कहा कि राज्य की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना, किसानों के हित में निर्णय लेते हुए 3100 रुपए की दर से धान खरीदी, 2 वर्ष का बकाया धान बोनस, किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 5 लाख तक ऋण, भूमिहीन परिवारों को सालाना 10 हजार की सहायता और 18 लाख गरीब परिवारों को पक्का आवास की सुविधा दिया जा रहा है।

### प्रचार से रंग गई हैं गांवों की दीवारें

**घुमका।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा, जनपद पंचायत के क्षेत्र छह एवं 28 ग्राम पंचायत में सरपंच एवं पंच का निर्वाचन तिथि करीब है। सभी प्रत्याशियों की धड़कनें तेज होने लगी है। जीत हासिल करने के लिए प्रत्याशियों द्वारा चुनाव चिन्ह से मतदाताओं को अवगत कराने जुटे है। प्रचार के प्रथम दौर में प्रत्याशी कार्यकर्ताओं की बैठक लेने के बाद विभिन्न माध्यमों से मतदाताओं के बीच प्रचार में जुटे हैं।

### सभी का मुद्दा विकास

जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 पटेवा से जिला पंचायत सदस्य की सीट पर कब्जा किसका होगा यह सवाल पूरे क्षेत्र में है। इस क्षेत्र में पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल अपनी पत्नी मधु बघेल को मैदान में उतारा है। यहां उनका मुकाबला जनपद सदस्य किरण विनोद बारले से है। उन्हे भाजपा ने अधिकृत किया है।

### सदस्य बनने लगा रही जोर

बासुला की सरपंच बैजंत्री देवी सांडे भी इस क्षेत्र से चुनाव लड़ रही है। उन्हे पहले कांग्रेस ने अधिकृत किया था। इस क्षेत्र में जनपद सदस्य दीपकबाई भी उम्मीदवार है। वह भी सदस्य बनने जोर लगा रही है। पूर्व विधायक श्री बघेल की पत्नी के चुनाव मैदान में उतरने से मुकाबला रोचक हो गया है।

### महेन्द्र ने दिया गांव में दस्तक

**तुमड़ीबोड।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 के प्रत्याशी महेंद्र यादव ने शनिवार को आरगांव, आलीखूंटा, कोपेडीह, किरगी, खपरीकला, बांकल, झिटिया, पेटेश्री पहुंचकर ग्रामीणों ने रूबरू मुलाकात किया। उन्होंने बीते दस सालों ने गांव के विकास के लिए किए गए कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने गांव की दशा और दिशा बदलने का हर संभव प्रयास किया है। वर्तमान में पुनः मौका मिला तो वह शेष कार्यों को पूरा करने की दिशा में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि जनसमर्थन से क्षेत्र के विकास को नई दिशा देने कटिबद्ध है। उन्होंने भूपेश बघेल सरकार के कामकाज का जिक्र करते हुए बताया कि सरकार ने किसानों का मान बढ़ाते हुए धान की कीमत को बढ़ाया साथ बिजली बिल हाफ कर सभी को राहत पहुंचाने का सार्थक काम किया था। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने के साथ उन्होंने कला और नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के लिए मितान योजना शुरू किया। महिला समूह का कर्ज माफ कर उन्हे आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया था। उन्होंने लोगों से सेवा के लिए जनसमर्थन मांगा।

### डोर टू डोर संपर्क कर रहे विनोद

**चिचोला।** जनपद पंचायत छुरिया के क्षेत्र क्रमांक 4 तेलीनबांधा में कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी विनोद साधना मंडलोई डोर-टू-डोर जाकर समर्थन जुटा रही है। गत दिनों उन्होंने तेलीनबांधा क्षेत्र के ग्राम सड़क चिरचारी, घोरतालाब, चाबुकनाला, बागनदी, तेलीनबांधा, खड़खड़ी, आको, पेंडरीडीही में जाकर लोगों से रूबरू मुलाकात किया। उन्होंने गांव में बड़े-बुजुर्गों की बातों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस क्षेत्र में 3 प्रत्याशी हैं, लेकिन सबसे अधिक चर्चा विनोद मंडलोई की है।

### मतदान दलों को प्रशिक्षण

**मोहला।** ग्राम पंचायतों में निर्वाचन संपन्न कराने के लिए नियुक्त मतदान दलों को विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। जिला मास्टर ट्रेनर भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि मतदान दलों के प्रशिक्षण में मतदान के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां और दायित्व, आवश्यक प्रपत्रों को भरने, मतदान के दौरान किए जाने वाले दायित्व इत्यादि के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन अधिकारी, मतदान दल 1, मतदान दल 2, मतदान 3 एवं 4 को कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहला में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना ने निरीक्षण करते हुए मतदान दलों को प्रशिक्षण में बताए गए निर्देशों का भली भांति पालन करते हुए निर्वाचन संपन्न कराने कहा।



### मतदाता आज, चुनेंगे गांव का मुखिया

**सड़क अतरिया।** त्रि स्तरीय पंचायती राज संस्था के लिए कल सोमवार को मतदान होगा। मतदान के लिए सभी केन्द्रों में तैयारी पूरी कर लिया गया है। केन्द्रों में मतदान दल पहुंच गया है। केन्द्र में मतदाताओं के लिए छाया, पेयजल, व्हील चेयर आदि सुविधा मुहैया कराने की व्यवस्था किया गया है। गांव का मुखिया चुनने के लिए मतदाताओं में खासा उत्साह बना हुआ है। मतदाता कल सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदाता जिला पंचायत सदस्य, जनपद पंचायत सदस्य, सरपंच तथा पंच के लिए अलग अलग रंग के मतपत्र में वोट डालेंगे। पहली बार मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवाओं में भी मतदान को लेकर उत्सुकता है। रविवार को शोर थमने के बाद चुनावी माहौल शांत हो गया वहीं प्रत्याशी मतदाता को संपर्क करते नजर आए।



### शोक संतप्त परिजनों से मिले डॉ. रमन

**डोंगरगांव।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह रविवार को संक्षिप्त प्रवास पर नगर पहुंचे। उन्होंने भाजपा नेता दिनेश गांधी के निवास पहुंचे और स्व. घनश्याम दास गांधी के निधन से शोक संतप्त परिजनों से मिलकर अपनी संवेदना व्यक्त किया। नगर के प्रतिष्ठित नारायणदास गांधी के ज्येष्ठ पुत्र तथा भाजपा नेता दिनेश गांधी के ज्येष्ठ भ्राता घनश्याम दास गांधी का बीते दिनों निधन हो गया था। राजनांदगांव से नगर पहुंचे डॉ. सिंह ने स्व. घनश्याम गांधी को पुष्पांजलि अर्पित किया। इस मौके पर नारायण दास गांधी, सत्यनारायण गांधी, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, दिनेश गांधी, रामकिशन माहेश्वरी, भावेश बैद, राजेन्द्र जैन बंटू, रघुवीर बाधवा, अनिल टावरी सहित अन्य उपस्थित थे।



### पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जांच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### निबंध में गायत्री विद्यापीठ की उपलब्धि

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ की प्रतिभावान छात्रा हीरल भीमजियानी ने ''हार्टफूलनेस एजुकेशन ट्रस्ट'' श्रीरामचन्द्र



मिशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में 6वां स्थान प्राप्त किया। निबंध का विषय था ''जब सब कुछ आपके खिलाफ होता दिखे, तो याद रखें कि हवाई जहाज हवा के साथ नहीं, बल्कि उसके विपरीत दिशा में उड़ता है।'' जिसमें छात्रा ने अपनी कुशल प्रतिभा का परिचय देते राष्ट्रीय स्तर पर यह उपलब्धि हासिल की।
छात्रा की इस उपलब्धि पर गायत्री शिक्षण समिति के अध्यक्ष बृजकिशोर सुरजन, उपाध्यक्ष संध्यादेवी सिंघल, राजेश जैन, सचिव गगन लड्ढा, सहसचिव निकुंज सिंघल, कोषाध्यक्ष सूर्यकान्त चितलांग्या, संरक्षक नंदकिशोर सुरजन, सुषमा सुरजन, सांस्कृतिक प्रभारी हरीश गांधी, रूपाली गांधी, शाला प्राचार्य शैलजा नायर, उपप्राचार्य रश्मि ठाकुर, प्रशासक अनिल वाजपेयी, एकेडमिक डायरेक्टर अमित उत्तलवार, स्कूल मैनेजर तरणजीत सिंह टूटेजा एवं शिक्षकों ने शुभकामनाएं दी।

### बच्चों ने श्रद्धा से किया माता-पिता की पूजा

**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक शाला नागतराई में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सभी पालक शामिल हुए। श्री योग वेदांत सेवा समिति डोंगरगढ़ के राजू भाई, नम्मू भाई, घना भाई एवं भुवनेश्वर भाई ने विधि- विधान से भैया-बहनों के माध्यम से मातृ-पितृ पूजन कराया। कार्यक्रम में व्यवस्थापक पूरनलाल पटेल, भुवनदास वर्मा, आचार्य राजेंद्र टंडन, चुरामन साहू, अनिता देशमुख, पूर्णिमा वर्मा, प्रिया दुबे, जागृति लाउत्रे, पूजा ठाकरे एवं मंजू साहू उपस्थित थी।

## निधन

### त्रिलोचन सिंह भाटिया

**डोंगरगढ़।** नगर के वरिष्ठ व्यवसायी त्रिलोचन सिंह भाटिया



पप्पू भैया का चंडीगढ़ में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह 67 वर्ष के थे। वह अपने पीछे भाई कंवलजीत बिल्ले भाटिया, दो पुत्र रोशू एवं मन्नत भाटिया सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार को छिरपानी मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम यात्रा गुरुद्वारा के सामने से निकलकर मुक्तिधाम पहुंची। उनके निधन पर सिख समाज, व्यापारी संघ, विश्व जागृति मिशन सहित अन्य ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

### पंच, सरपंच, जनपद सदस्य एवं जिला पंचायत सदस्य के लिए होगा चुनाव

# त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव : प्रथम चरण में आज सुबह 7 बजे से होगा मतदान

## मतदान दल सामग्री लेकर मतदान केन्द्र रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में मतदान सुचारू संपन्न कराने रविवार को ठाकुर प्यारेलाल सिंह नगर पालिक निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनांदगांव से मतदान सामग्री के साथ मतदान दल मतदान केन्द्रों के लिए रवाना किया गया। ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मतदान दल वाहन के माध्यम से अपने निर्धारित मतदान केन्द्र के लिए रवाना हो गए।

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में 17 फरवरी को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक जनपद पंचायत राजनांदगांव के मतदान केन्द्रों में मतदान संपन्न होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में मतदान दलों को मतदान कार्य के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने सुरक्षा के चाक-चौबंद व्यवस्था की गई है। कलेक्टर अग्रवाल ने मतदान दलों को सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने शुभकामनाएं दी है। मतदान दल बारी-बारी से मतदान सामग्री लेकर वाहन से अपने गंतव्य की ओर रवाना हुए।



### 110 पंचायतों में सरपंच चुनाव

त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 4, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 25, सरपंचों की संख्या 110 एवं पंचों की संख्या 1612 है। जनपद पंचायत डोंगरगढ़ अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 4, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 25, सरपंचों की संख्या 100 एवं पंचों की संख्या 1400 है।

### प्रथम चरण का मतदान आज

उल्लेखनीय है कि त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के 13, जनपद पंचायत सदस्य के 95, सरपंच के 404 एवं पंच के 5590 पदों के लिए तीन चरणों में निर्वाचन संपन्न होगा। प्रथम चरण में जनपद पंचायत राजनांदगांव, द्वितीय चरण में जनपद पंचायत छुरिया एवं तृतीय चरण में जनपद पंचायत डोंगरगढ़ व डोंगरगांव में निर्वाचन कार्य संपन्न होगा। प्रथम चरण 17 फरवरी, द्वितीय चरण 20 फरवरी एवं तृतीय चरण 23 फरवरी को सुबह 7 से अपरान्ह 3 बजे तक संपन्न होगा तथा मतदान के पश्चात मतदान केन्द्रों पर मतगणना की जाएगी। खंड मुख्यालय पर की जाने वाली मतगणना प्रथम चरण 18 फरवरी, द्वितीय चरण 21 फरवरी एवं तृतीय चरण 24 फरवरी को सुबह 9 बजे से की जाएगी। पंच, सरपंच, जनपद पंचायत के मामले में खंडस्तर पर प्रथम चरण 19 फरवरी, द्वितीय चरण 22 फरवरी एवं तृतीय चरण 25 फरवरी को सुबह 9 बजे से तथा जिला पंचायत सदस्य के मामले में जिला मुख्यालय पर प्रथम चरण 20 फरवरी, द्वितीय चरण 23 फरवरी एवं तृतीय चरण 25 फरवरी को सुबह 10.30 बजे से सारणीकरण एवं निर्वाचन परिणाम की घोषणा की जाएगी।

### डोंगरगांव में 312 मतदान केन्द्रों में मतदान

जनपद पंचायत डोंगरगांव अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 2, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 20, सरपंचों की संख्या 76 एवं पंचों की संख्या 1057 है। जनपद पंचायत छुरिया अंतर्गत जिला पंचायत सदस्यों की संख्या 3, जनपद पंचायत सदस्यों की संख्या 25, सरपंचों की संख्या 118 एवं पंचों की संख्या 1521 है। जिले के सभी 4 जनपद पंचायत क्षेत्रों में पंचायतों की संख्या 408 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 1082 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 5 लाख 32 हजार 81 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 2 लाख 66 हजार 754, महिला मतदाताओं की संख्या 2 लाख 65 हजार 324 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 3 है। जनपद पंचायत क्षेत्र राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 114 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 312 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 1 लाख 58 हजार 42 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 79 हजार 243, महिला मतदाताओं की संख्या 78 हजार 797 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 2 है।

### डोंगरगढ़ में 263 मतदान केन्द्र

जनपद पंचायत क्षेत्र डोंगरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 100 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 263 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 1 लाख 31 हजार 971 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 66 हजार 754 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 65 हजार 217 है। जनपद पंचायत क्षेत्र डोंगरगांव क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 76 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 209 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 98 हजार 679 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 49 हजार 330 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 49 हजार 349 है। जनपद पंचायत क्षेत्र छुरिया क्षेत्र अंतर्गत पंचायतों की संख्या 118 है एवं मतदान केन्द्रों की संख्या 298 है। जिसमें मतदाताओं की संख्या 1 लाख 43 हजार 389 है। इसके अंतर्गत पुरूष मतदाताओं की संख्या 71 हजार 427, महिला मतदाताओं की संख्या 71 हजार 961 एवं तृतीय लिंग मतदाताओं की संख्या 1 है।

# निगम के उप अभियंताओं को मानिटरिंग करने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राज्य शासन द्वारा प्राप्त राशि से शहर के सार्वजनिक व सामुदायिक शौचालयों का मरम्मत कराने नगर निगम द्वारा प्रक्रिया की गई। प्रक्रिया उपरांत शौचालय मरम्मत कार्य चालू करने नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने गुरुवार को ठेकेदारों की बैठक बुलाई। बैठक में उन्होंने उप अभियंताओं को निविदा शर्तों के अनुरूप कार्य कराने मानिटरिंग करने के निर्देश दिए।

निगम सीमाक्षेत्र स्थित सार्वजनिक एवं सामुदायिक शौचालयों के मरम्मत के लिए नगर निगम द्वारा विधिवत निविदा आमंत्रित की गई। निविदा प्रक्रिया उपरांत मरम्मत कार्य चालू करने ठेकेदारों की बैठक में आयुक्त विश्वकर्मा ने आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण को ध्यान में रखकर मरम्मत कार्य शीघ्र चालू करने कहा। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा शहर के 73 शौचालयों के मरम्मत के लिए राशि प्रदान की गई है। जिसकी विधिवत प्रक्रिया की गई, प्रक्रिया उपरांत शौचालय मरम्मत कार्य चालू करना है। मरम्मत चालू करने के पूर्व आप लोगों को जारी आदेशानुसार अपने-अपने क्षेत्र के शौचालय का निरीक्षण कर लें और संबंधित उप अभियंता से संपर्क कर काम चालू करना है। उन्होंने कहा कि कलेक्टर व प्रशासक संजय अग्रवाल द्वारा भी निर्माण व शौचालय मरम्मत कार्य चालू करने निर्देशित किया गया है। आयुक्त विश्वकर्मा ने सभी उप अभियंताओं से कहा कि निविदा शर्तों के अनुरूप शौचालय मरम्मत कार्य कराएं, मरम्मत कार्य चालू होने के उपरांत प्रतिदिन मानिटरिंग करें और कार्य की प्रगति अनुसार आगे की कार्रवाई करें। जिससे शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजा जा सके।

### शौचालयों में एकरूपता हो

आयुक्त विश्वकर्मा ने कहा कि रंग-रोगन पोताई के लिए कलर बताया जाएगा, ताकि सभी शौचालयों में एक रूपता हो। मरम्मत कार्य चालू करने के पूर्व फोटो व वीडियो बना लें तथा मरम्मत उपरांत भी फोटो-वीडियो खींचे। जिससे पहले व बाद की स्थिति की जानकारी हो सके। उन्होंने कहा कि कहीं-कहीं पर हमारी आवश्यकता पड़ेगी। जैसे सेप्टिक फूल है, नाली चोक है, उसके लिए संबंधित तकनीकि अधिकारी को सूचित करें। जिससे कार्य चालू करने के पूर्व सफाई कराया जा सके। जिससे आप लोगों को काम में सुविधा हो। उन्होंने कहा कि आगामी माह में स्वच्छता सर्वेक्षण संभावित है, जिसे ध्यान में रखकर बैठक बुलाई गई है। सर्वेक्षण के पूर्व शासन मंशानुरूप शौचालय मरम्मत कराना है और कार्य जल्द चालू कर समय-सीमा में पूर्ण कराना है।

### वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य पहले करें

आयुक्त ने कहा कि शौचालय में क्या-क्या कार्य करना है, उसकी सूची बना लें, उसके अनुसार कार्य करें। प्रथम चरण में निर्माण कार्य जैसे दीवार, छत मरम्मत, टाईल्स लगाना, रैम्प बनाना, रैन वाटर हार्वेस्टिंग तथा दरवाजा आदि मरम्मत के कार्य पहले करें, विद्युत व्यवस्था के तहत एलईडी लाईट, एक्जास्ट आदि लगाएं, उसके पश्चात महिला, पुरूष, दिव्यांग के लिए शीट, युरिनल पॉट यदि आवश्यक हो तो बदले, शौचालय व नहाने के स्थान में नल तथा वास बेसिंन आदि लगाएं। उन्होंने कहा कि पानी न रूके, इसका विशेष ध्यान रखे, नाली व पानी टंकी भी देखकर मरम्मत करें। साथ ही महिला, पुरूष, दिव्यांग का पोस्टर अंकित हो, इसी प्रकार वास बेसिंन, डस्टबिन संबंधी भी पोस्टर अंकित करना है।

# डॉ. सुरभि मोहबे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगर की आम जनता सहित जिलेवासियों को स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एक बड़ी सौगात डॉ. सुरभि मोहबे सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में 15 फरवरी से प्राप्त हो चुकी है। विरासत में मिली स्वास्थ्य सेवा की परंपरा को मोहबे परिवार की बेटी ने आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर मोहबे (मुन्ना भैया) के कर कमलों से हॉस्पिटल का लोकार्पण किया गया।

राजनांदगांव नगर की जनता के लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज डॉ. सुरभि मोहबे ने कृत संकल्पित होकर नर्सिंग होम की शुरूआत की है। नगर के कंचनबाग स्थित विनायक टॉवर सनसिटी के समीप आज पूर्वान्ह 11 बजे नगर के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में हॉस्पिटल का लोकार्पण किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. सीएस मोहबे पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने रिबन काटकर विधिवत उद्घाटन प्रक्रिया को संपन्न किया। वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. रमेश मोहबे एमडी ने भी हॉस्पिटल की डायरेक्टर डॉ. सुरभि मोहबे को आशीर्वाद प्रदान किया। नगर में नवीन कॉलोनियों के निर्माण के उपरांत कंचनबाग क्षेत्र में एक अच्छे हॉस्पिटल की मांग बनी हुई थी। इस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल में आमजनों को स्त्री रोग विशेषज्ञ से



लेकर शिशु रोग, जनरल मेडिसिन, चर्म रोग, हड्डी रोग, जनरल सर्जरी, कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ, कैंसर रोग के उपचार के साथ ही उच्च स्तरीय पैथोलॉजी एवं एक्स-रे की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

हॉस्पिटल की डॉ. सुरभि मोहबे स्त्री रोग विशेषज्ञ ने बताया कि उनका मकसद जिले की जरूरतमंद जनता को आसान उपचार उपलब्ध कराना ही है। उन्हें उनकी माता स्व.डॉ. कुमुद मोहबे एवं उनके पिता डॉ.रमेश मोहबे से विरासत में इस सेवा का संकल्प प्राप्त हुआ है। वे चाहती है कि शहर सहित जिले के लोगों को किसी भी बीमारी के इलाज के लिए शहर से बाहर जाकर महंगे इलाज के लिए विवश न होना पड़े। हॉस्पिटल की ओपीडी का समय दोपहर 2 से शाम 4 बजे तक तथा शाम 6 से रात 9 बजे तक होगा।



## विवि के सात विद्यार्थी प्रावीण्य सूची में

**राजनांदगांव।** जिले के एकमात्र पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने नया इतिहास रचा है। एलएलबी छठवें सेमेस्टर के परिणाम के उपरांत हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग द्वारा जारी की गई मेरिट लिस्ट में महाविद्यालय के सात विद्यार्थियों ने स्थान पाकर जिले को गौरवान्वित किया है। कुल 10 स्थान में से प्रथम स्थान निशि सोनी ने प्राप्त किया है। महाविद्यालय के सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार विश्व विद्यालय द्वारा जारी की गई प्रावीण्य सूची में कुल 10 स्थानों में से 7 स्थान पं. किशोरीलाल शुक्ल विधि महाविद्यालय के छात्रों ने प्राप्त किया है। प्रथम स्थान पर निशि सोनी, द्वितीय नेहा झा, तृतीय प्रीति साहू, पांचवा स्थान नेतल गांधी, छठवां स्थान रिया जैन, सातवां स्थान वाणी शर्मा तथा नवें स्थान पर वंदना गढ़ेवाल को सूची में स्थान प्राप्त हुआ है। नांदगांव शिक्षा मंडल द्वारा संचालित उक्त महाविद्यालय में अध्यापन कार्य विद्वान अधिवक्ताओं द्वारा कराया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य अलका चौहान, संचालन समिति के अध्यक्ष नंदकुमार अग्रवाल, सचिव सुरेश एच. लाल सहित प्रशासक डॉ. आरएन सिंह तथा समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने छात्रों की ऐतिहासिक उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी है।

# एक ही सीट से जिपं सदस्य का चुनाव लड़ रही एक ही नाम वाली तीन महिलाएं




हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिला अंतर्गत जिला पंचायत सदस्य के लिए तीन चरणों में आगामी 17, 20 और 23 फरवरी को मतदान संपन्न कराया जाना है। क्षेत्र क्रमांक 6 मोहला से भाजपा जिला अध्यक्ष नम्रता सिंह सहित 4 प्रत्याशी चुनावी मैदान में हैं। जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 मोहला की खास बात यह है कि इस सीट से चुनाव लड़ रही तीन महिला प्रत्याशी एक ही नामधारित करती है। इसके साथ ही दो प्रत्याशियों के नाम के साथ ही सरनेम भी एक ही है। इन तीनों शकुंतला में एक कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी और दो शकुंतला निर्दलीय चुनाव लड़ रही है। वहीं इस बात की चर्चा जिला पंचायत क्षेत्र सहित पूरे जिले में है कि एक ही नाम की तीन महिला प्रत्याशी का चुनाव लड़ना इत्तेफाक है या राजनीतिक रणनीति। हालांकि चुनाव का प्रचार-प्रसार करती कांग्रेस की शकुन्तला ही नजर आ रही हैं। बाकी दो शकुन्तला का प्रचार-प्रसार जिला पंचायत क्षेत्र में कहीं नहीं दिख रहा है।

### ये लड़ रही है चुनाव

मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले के 10 सीटों वाले जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 से सदस्य के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष नम्रता सिंह निर्दलीय प्रत्याशी शकुंतला नेताम, निर्दलीय शकुंतला नेताम, कांग्रेस समर्पित शकुंतला नेताम चुनावी मैदान पर है।

### संयोग या राजनीतिक रणनीति

मोहला सीट से जिला पंचायत सदस्य के लिए एक साथ एक ही सीट पर तीन एक ही नाम वाली महिलाओं के द्वारा चुनाव लड़ा जाना कोई संयोग मान रहा है तो कोई सोची-समझी प्लानिंग।

### नगरीय निकाय निर्वाचन निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल ने जिले में नगरीय निकाय निर्वाचन 2025 निर्विघ्न एवं शांतिपूर्ण संपन्न होने पर मतदाताओं, प्रत्याशियों, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, निर्वाचन कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों, सुरक्षा में तैनात जवानों, मीडिया प्रतिनिधियों सहित अन्य सभी को शुभकामनाएं दी। कलेक्टर ने कहा कि मतदाताओं ने बढ़-चढ़कर लोकतंत्र के इस पर्व में हिस्सा लिया और अपने मताधिकार का प्रयोग किया। प्रत्याशियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने महत्वपूर्ण सहभागिता निभाई। साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों का भी सहयोग मिला। पुलिस बल के जवानों तथा निर्वाचन कार्य से जुड़े अधिकारी-कर्मचारियों ने जिम्मेदारी के साथ नगरीय निकाय निर्वाचन सफलतापूर्वक संपन्न कराने में महत्पूर्ण दायित्व निभाया।

# कलेक्टोरेट पहुंचे किसानों ने कहा पहले भुगतान फिर मतदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले के किसानों ने कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचकर धान खरीदी की राशि का भुगतान करने की मांग की है। किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान का शीघ्र भुगतान करने का आग्रह करते पहले भुगतान फिर मतदान की बात कही है।

प्रदेश किसान संघ के संयोजक सुदेश टीकम के नेतृत्व में कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंचे किसानों ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत पहले चरण के मतदान से पहले धान खरीदी की राशि का भुगतान करने राज्य शासन को ज्ञापन सौंपा है।

### आंदोलन की चेतावनी

किसानों ने कहा है कि सरकार शीघ्र भुगतान नहीं करेगी तो किसान उग्र आंदोलन करेंगे और चुनाव में मतदान नहीं करने को लेकर भी फैसला ले सकते हैं।

### बीस जनवरी से भुगतान बकाया

किसान नेता सुदेश टीकम ने कहा है कि समर्थन मूल्य पर 31 जनवरी तक धान खरीदी की गई है, लेकिन 20 जनवरी से 31 जनवरी तक खरीदे गए धान का भुगतान अब तक किसानों को नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि राज्य शासन ने 72 घंटे के भीतर धान खरीदी का भुगतान करने की बात कही थी, लेकिन 26 दिन हो गए हैं। धान खरीदी की राशि किसानों को नहीं मिली है।

### गगनदीप-अजय की फिरकी में उलझी ओड़िसा

# टी-20 चैम्पियनशिप पर लगातार दूसरी बार छत्तीसगढ़ का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

रानी सूर्यमुखी देवी मेमोरियल ऑल इंडिया फ्लड लाइट टी-20 चैम्पियनशिप का खिताब एक बार फिर छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने अपने नाम किया है।

फाइनल मुकाबले में पिछले बार की उपविजेता ओडिसा क्रिकेट एसोसिएशन इस बार भी डिफेंडिंग चैम्पियन के सामने बेबस नजर आई। छग के गगनदीप (4 विकेट), मयंक (2 विकेट) और कप्तान अजय मंडल (2 विकेट) की घातक गेंदबाजी ने ओडिसा को महज 90 रन पर रोक दिया।

इसके जवाब में छग ने 10वें ओवर की दूसरी गेंद में लक्ष्य हासिल कर जीत दर्ज की। मुकाबले में छग के कप्तान अजय मंडल ने हरफनमौला प्रदर्शन किया। अपनी फिरकी का जादू चलाने वाले गगनदीप प्लेयर ऑफ द मैच रहे।



### छत्तीसगढ़ ने चुनी पहले बल्लेबाजी

फाइनल मुकाबले में टॉस जीतकर छग ने पहले गेंदबाजी चुनी। पहले ही ओवर की तीसरी गेंद में मयंक यादव ने ओडिसा के कप्तान स्वास्तिक समल को 4 रन के निजी स्कोर पर कैच करवाकर चलता कर दिया। तीसरे ओवर में मयंक ने ही बल्लेबाज संबित का विकेट लेकर ओड़िसा को दबाव में ला दिया। टीम का स्कोर 12 रन पर दो विकेट था। चौथे और पांचवे नंबर के बल्लेबाज आशीर्वाद 23 रन और अनिल 29 रन ने पारी संभालने की कोशिश की, लेकिन इन दोनों के अलावा कोई बल्लेबाज पिच पर धैर्य नहीं दिखा सका। ओड़िसा के 9 बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके। मयंक के बाद गेंदबाजी की कमान गगनदीप और कप्तान अजय मंडल ने संभाली। दोनों की जोड़ी ने ओड़िसा के बल्लेबाजी क्रम को ध्वस्त कर दिया। ओड़िसा 16 ओवर में महज 90 रन का स्कोर बना सकी।

### टीम को दूसरी बार दिलाया खिताब

बल्लेबाजी में कमजोर प्रदर्शन के बाद ओड़िसा ने गेंदबाजी से खेल में वापसी करते छत्तीसगढ़ को शुरूआती तीन ओवर में ही लगातार तीन तगड़े झटके दे डाले। सलामी जोड़ी शशांक और आयुष ने पारी के पहले और दूसरे ओवर में ही अपने विकेट बेहद सस्ते में खो दिए। तीसरे ओवर में आशीष डाहारिया भी पैवेलियन लौट गए। 20 रन पर तीन विकेट गंवा चुके छत्तीसगढ़ के लिए यह मुकाबला मुश्किल हो गया था। फंसते हुए मैच के बीच कप्तान अजय मंडल 26 रन और प्रतीक यादव 41 रन की जोड़ी ने जीत का दारोमदार अपने कंधों पर लिया। दोनों ने नाबाद पारी खेलते 10 ओवर की दूसरी गेंद में लक्ष्य हासिल कर टीम को लगातार दूसरी बार खिताब दिलाया।






## डॉ.रमन ने की मां शीतला की पूजा-अर्चना, नवनिर्वाचित पार्षदों को दिया मार्गदर्शन

# ईमानदारी के साथ जनता की सेवा करने से आगे की दिशा होगी तय

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की शानदार जीत से उत्साहित पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रविवार सुबह जमातपारा स्थित मां शीतला का दर्शन कर राजनांदगांव के साथ प्रदेश के अमन चैन की प्रार्थना की।

तत्पश्चात स्पीकर हाउस में सभी विजयी 39 पार्षदों के साथ अपने अनुभव को साझा करते बताया कि पांच वर्षों तक जनता जनार्दन का आशीर्वाद के रूप में आप पार्षद बने हैं। सबसे कठिन चुनाव के पहले पड़ाव को आपने पार किया है, अब आगे मंत्री, विधायक सांसद की सीढ़ी चढ़ सकते है, जीत के बाद। वार्ड की छोटी-छोटी मूलभूत समस्याओं की तरफ विशेष ध्यान देकर जनता का दिल जीतना आप सभी का उद्देश्य होना चाहिए, घमंड, गुरूर और अहंकार को जनता कभी पसंद नहीं करती।

इस दौरान सांसद संतोष पांडे, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, संतोष अग्रवाल, नगर निगम चुनाव के संयोजक अभिषेक सिंह, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, वरिष्ठ भाजपा नेता सचिन बघेल, रमेश पटेल, सौरभ कोठारी, नीलू शर्मा, शिव वर्मा, राजेंद्र गोलछा, भावेश बैद, योगेश दत्त मिश्रा, आकाश चोपड़ा, गिनी चावला, रघुवीर वाधवा सहित अन्य नेता उपस्थित थे। मीडिया सेल के अनुसार दिनेश गांधी एवं प्रदीप गांधी के ज्येष्ठ भ्राता के दुखद निधन पर संवेदना व्यक्त करने डॉ. रमन सिंह डोंगरगांव के लिए रवाना हुए।



### अपने पार्षद काल के अनुभव को किया साझा

डॉ. सिंह ने अपने पार्षद काल के अनुभव साझा करते कहा कि वे किसी भी जवाबदारी को छोटा नहीं समझते थे, नाली साफ करवाने से लेकर स्ट्रीट लाइट की समस्या का त्वरित निराकरण कर जनता का मान-सम्मान जरूर करें। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी की जनता बहुत ही संवेदनशील है, संस्कारधानी ने उन्हें सासंद से लेकर तीन बार मुख्यमंत्री भी बनाया और आज वह राजनांदगांव की जनता के कारण ही विधानसभा अध्यक्ष के रूप में अपनी जवाबदारी निभा रहे हैं। डॉ. सिंह ने कहा कि बड़ी संजीदगी के साथ जनता की सेवा करने वाले नेता ही बार-बार चुने जाते हैं।

### पार्षदों का किया उत्साहवर्धन

सांसद संतोष पांडे ने भी नवनिर्वाचित पार्षदों का उत्साहवर्धन करते कहा कि मोदी गारंटी को समय पर विष्णुदेव साय सरकार ने पूरा किया। जिसके कारण आज जनता का भाजपा पर पूरा भरोसा है। इस भरोसे को कायम रखने अभी से अपने-अपने वार्ड में जनता की सेवा में जुट जाए। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव ने कहा कि निगम में पारदर्शिता के साथ जनता की हित में सभी कार्य संपन्न किए जाएंगे और अटल संकल्प पत्र को भी समान के साथ पूरा किया जाएगा।

# विवाद पर पत्नी की चाकू मारकर हत्या, आरोपी पुलिस गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

आपसी विवाद ने इतना तूल पकड़ा कि पति ने चाकू और ईंट से हमला कर पत्नी की हत्या कर दी। घटना के बाद पति स्वयं को भी चाकू एवं ईंट से घायल कर लिया था। मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार 15 फरवरी को ग्राम कलकसा में एक महिला की उसके घर में हत्या हो जाने की सूचना मिलने पर डोंगरगढ़ पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचा, जहां प्रार्थी अजय बग्गा 42 साल निवासी ग्राम कलकसा ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि भाभी अमरजीत और इंद्रजीत बग्गा रोज सुबह साढे 4 से 5 बजे के बीच उठ जाते हैं, लेकिन 15 फरवरी की सुबह लगभग साढे 6 बजे तक नहीं उठे थे, दरवाजा अंदर से बंद था। उन्होंने दरवाजा को जोर-जोर से खटखटाया और आवाज दिया, तब थोड़ी देर बाद उसका भाई इंद्रजीत दरवाजा खोला तो देखा कि उसके चेहरा में खून लगा था। हाथ पैर में काटने का निशान था। प्रार्थी के कुछ बोलने से पहले ही इंद्रजीत बग्गा बोला उसकी भाभी को ईंट से मार दिया हूं, तब प्रार्थी एवं परिवार घर अंदर जाकर देखे तो प्रार्थी का बड़ा भाई इंद्रजीत बग्गा ईंट से भाभी अमरजीत बग्गा को सिर, चेहरा, नाक, मुंह में ईट से मारकर हत्या कर दिया था और इंद्रजीत बग्गा उसी पलंग में जाकर सो गया था। जिसकी रिपोर्ट पर थाना डोंगरगढ़ में धारा- 103(1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



### पुलिस ने की कार्रवाई

पुलिस के अनुसार प्रकरण में आरोपी इंद्रजीत बग्गा 52 साल निवासी ग्राम कलकसा थाना डोंगरगढ़ जो घटना कारित करने के बाद स्वयं को चाकू एवं ईंट व दीवार से अपने सिर, नाक, हाथ-पैर एवं गला को चोंट पहुंचा दिया था। जिसका उचित ईलाज करवाकर 15 फरवरी को गिरफ्तार किया गया, जिसे आज दिनांक को माननीय न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## 26 को निकलेगी महाकाल की शोभायात्रा

**राजनांदगांव।** महाशिवरात्रि के उपलक्ष में धूमधाम से संस्कारधानी राजनांदगांव में भव्य महाकाल की यात्रा होनी है। इस निमित्त एक बड़ी बैठक महेश्वरी भवन में संपन्न हुई। जिसमें संगठन और राजनीतिक दलों, सामाजिक संस्थाओं से महाकाल सेना उपस्थित होकर विचार-विमर्श किया। बैठक में शोभायात्रा को भव्य और आकर्षित बनाने सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किए। जिसमें स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण का भी विचार रखा गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संघ चालक राधेश्याम शर्मा ने कहा कि हमारी हिंदू संस्कृति और धार्मिक व्यवस्था के अनुरूप शोभायात्रा जब नगर से निकले, तब इस यात्रा में प्लास्टिक आदि वस्तुओं का उपयोग कम से कम हो तथा यात्रा के उपरांत इन सब को सुव्यवस्थित रूप से कूड़ादन में डालने की व्यवस्था हो तो यह इस यात्रा की शोभा बढ़ा देगा। इस यात्रा में पंथी नृत्य, राउत नाचा, सुआ नृत्य, धुमाल, पगड़ी एवं रथ पालकी, अघोरी, भजन एवं गायक के माध्यम से पूर्ण किया जाएगा। विष्णु साहू ने कहा कि शोभायात्रा में बच्चों को वेशभूषा धारण कर सभी वार्ड व मोहल्लों से शामिल होने का आग्रह किया गया। हेमा देशमुख ने इस शोभायात्रा में मातृ शक्तियों से भगवा वस्त्र धारण कर झांझ व डमरू के साथ उपस्थित होने का आग्रह रखा। उन्होंने कहा कि ध्वनि विस्तार यंत्र का उपयोग न हो। महाकाल सेना ने भक्तगणों से निवेदन किया है कि शोभायात्रा में पालकी के आजू-बाजू जो महाकाल भक्त होंगे, वह बिना पद्वेष अर्थात जूता चप्पल के ही हो। साथ ही जो झांझ और डमरू पकड़ने की इच्छा रखते हो, ऐसे बंधु जींस-शर्ट धारण कर शोभायात्रा में ना आए अर्थात वे शुभ्रवेशकुर्ता पजामा में हो तो अच्छा होगा।

# रखरखाव के लिए की जाएगी व्यवस्था : रमन

- फ्लड लाईट टी-20 क्रिकेट स्पर्धा का समापन
- संगठन रखरखाव के लिए खर्च कर सकता है राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



रानी सूर्यमुखीदेवी मेमोरियल ऑल इंडिया फ्लड लाइट टी-20 क्रिकेट चैंपियनशिप के फाइनल मैच में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडे, नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव, सीएससी के डायरेक्टर विजय शाह, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, वरिष्ठ समाजसेवी संतोष अग्रवाल एवं रमेश पटेल उपस्थित थे।

अतिथियों का स्वागत जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी, सचिव योगेश बागड़ी, उपाध्यक्ष घनश्याम लाल, हरजीत भाटिया, अजय पांडे, भरत काथरानी, जीवन प्रकाश गौतम, नवीन श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष दिनेश जैन, स्टेडियम प्रबंधक रणविजय प्रताप सिंह, संतोष सावा, विनोद चौरडिया, ऋषभ बाफना, रोहित पारख, विशाल शर्मा, सुमित जैन, अंकित रिशू जैन एवं अन्य सदस्यों ने किया।

नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव ने जिला क्रिकेट एसोसिएशन एवं आयोजन समिति के सदस्यों को इस चैम्पियनशिप के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा की चुनाव परिणाम पश्चात मेरा यह पहला अतिथि के तौर पर आना हुआ है, इसके लिए मैं आयोजन समिति के सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित करता हूं। विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडे ने आयोजन की प्रमुखता को मुक्तकंठ से सराहा। सीएससी के डायरेक्टर विजय शाह ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से अनुरोध किया कि इस मैदान को अगर क्रिकेट एसोसिएशन को क्रिकेट गतिविधियों के लिए दिया जाता है तो इसका शानदार रखरखाव संगठन बहुत ही अच्छे तरीके से करेगा एवं इसके लिए लगने वाली राशि भी एसोसिएशन खर्च कर सकता है। समारोह पश्चात इस बाबत श्री शाह ने डॉ. रमन सिंह से विस्तृत चर्चा भी की।

अंत में मुख्य अतिथि की आसंदी से विस अध्यक्ष डॉ. सिंह ने हॉकी और झांकी के इस शहर में क्रिकेट के इस बड़े आयोजन की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि मैं जानता हूं कि यह आयोजन मध्य भारत की सबसे बड़ी इनामी राशि एवं एवं ख्याति अनुरूप है। स्टेडियम के मैदान एवं यहां के उचित रखरखाव के लिए बहुत ही जल्द सुचारू रूप से व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने आयोजन समिति विशषकर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के पदाधिकारी एवं सदस्यों को बधाई दी। आभार प्रदर्शन करते संगठन के अध्यक्ष सुशील कोठारी ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते चैम्पियनशिप की विस्तृत जानकारी प्रेषित की।

# स्वदेशी वस्तुओं से 23 तक सजेगी संस्कारधानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने वर्षों से प्रयासरत भारतीय विपणन विकास केंद्र द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कारधानी राजनांदगांव में स्वदेशी मेले का भव्य उद्घाटन 16 फरवरी को स्टेट स्कूल मैदान में किया गया।

इस स्वदेशी मेला में आगामी 23 फरवरी तक स्वदेशी वस्तुएं सजेगी रहेगी। इस वर्ष आयोजन समिति के संयोजक भागचंद गिडिया, सह-संयोजक मनोज निर्वाणी एवं मोना गोसाई को बनाया गया है। स्वागत समिति अध्यक्ष अशोक चौधरी, स्वागत समिति सचिव मूलचंद भंसाली को बनाया गया है।

प्रदेश में संपन्न होने वाले प्रतिष्ठित स्वदेशी मेले का लोग वर्षभर इंतजार करते है। जिसमें विविध स्वदेशी वस्तुओं के स्टाल लगते हैं। सुई से लेकर बड़े मशीनरी स्तर की सभी वस्तुएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होती है। प्रतिदिन विविध प्रतियोगिताएं श्रीफल/कलश सजाओ प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, चित्रकला /रंगभरो प्रतियोगिता, व्यंजन प्रतियोगिता, शिशु वेशभूषा प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, क्राफ्ट प्रतियोगिता, आरती थाली सजाओ प्रतियोगिता जैसी अनेक प्रतियोगिताओं में हजारों लोगों को एक मंच दिया जाता है।

लोकनृत्य लोक संस्कृति छत्तीसगढ़ के पारंपरिक कला को मंच पर कलाकार प्रतिदिन प्रस्तुत करते हैं। स्वदेशी का भाव लिए स्वदेशी को बढ़ावा देने 350 से अधिक विविध स्टाल मेले में शामिल हो रहे। स्वदेशी मेले के जिला संयोजक राजकुमार शर्मा एवं महिला प्रमुख साधना तिवारी एवं सुधा पवार ने संस्कारधानी की आधिकारिक जनता को उपस्थित का आह्वान किया है।

# राष्ट्रीय साधन सह-प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा सत्र 2024-25 परीक्षा रविवार को दो पालियों में संपन्न हुई।

प्रथम पाली में सुबह 10 से 11.30 बजे एवं द्वितीय पाली दोपहर 01 बजे से 2.30 बजे तक परीक्षा आयोजित हुई। जिले में परीक्षा आयोजित करने 8 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। जिले में प्रथम पाली में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 2329 थी। जिसमें 2205 उपस्थित और 124 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में कुल परीक्षार्थियों की संख्या 2329 रही। जिसमें 2201 उपस्थित रहे।

वहीं 128 अनुपस्थित रहे। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल द्वारा जिले के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गयाएवं सतीश ब्योहरे जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा द्वारा 03 केन्द्र का निरीक्षण किया गया। प्रथम पाली परीक्षा में जिले के परीक्षार्थियों का कुल प्रतिशत 94.67 एवं द्वितीय पाली में 94.50 प्रतिशत रहा।

प्लाट बेचना है
डोंगरगढ़ शहर के गोल बाजार में 1852 वर्गफीट प्लाट बेचना है।
प्लाट साइज 50x40
- संपर्क करें -
8319080044
9425560253

# अस्मिता हॉकी लीग जूनियर स्टेट हॉकी स्पर्धा 18 से

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ की हॉकी नर्सरी राजनांदगांव में हॉकी इंडिया, स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया व छत्तीसगढ़ हॉकी के संयुक्त तत्वावधान में अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका की स्पर्धा 18 से 22 फरवरी तक तथा सब जूनियर 21 से 26 फरवरी तक संस्कारधानी के अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में खेली जाएगी। प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में 8 जिलों की टीमें व सब जूनियर बालिका वर्ग में 9 जिलों की टीमें हिस्सा लेगी। आयोजन की तैयारियों को आयोजकों द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। चैंपियनशिप का उद्घाटन 18 फरवरी को शाम 4 बजे से अतिथियों की उपस्थिति में संपन्न होगा।

छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने बताया कि हॉकी नर्सरी को राज्य स्तर की स्पर्धा करने की जिम्मेदारी एक बार फिर हॉकी इंडिया ने दी है। गत वर्ष वेस्ट जोन हॉकी की बालक-बालिकाओं की सब जूनियर व जूनियर स्पर्धा का आयोजन खेलप्रेमियों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से सफलतापूर्वक संपन्न होने के चलते इस बार हॉकी इंडिया व स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया ने इस बहुप्रतिष्ठित हॉकी स्पर्धा की जिम्मेदारी राजनांदगांव को सौंपी है, जिसे लेकर हॉकी राजनांदगांव व हॉकी छत्तीसगढ़ के कार्यकर्ता एवं खिलाड़ी कड़ी मेहनत कर रहे हैं।



**सजाया जा रहा स्टेडियम :** गौरवपथ स्थित अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम को आयोजन समिति द्वारा सजाया-संवारा जा रहा है, जहां मैदान के चारो ओर ब्राउडिंग बोर्ड का सहारा लिया जा रहा है।

### दोनों स्पर्धा में पुरस्कार राशि की घोषणा

जूनियर बालिका वर्ग के प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 200000, दूसरा पुरस्कार 160000 तथा तीसरा पुरस्कार 120000 से पुरस्ककृत किया जाएगा। वहीं सब जूनियर बालिका वर्ग में भी प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 200000, दूसरा पुरस्कार 160000 तथा तीसरा पुरस्कार 120000 रुपए से पुरस्कृत किया जाएगा।

### 9 जिलों की टीम लेगी हिस्सा

अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में खेली जाने वाली अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता 18 से 22 फरवरी तक आयोजित है। आयोजन में स्पोटर्स अकादमी रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, जांजगीर-चांपा, कोरबा, कांकेर, कबीरधाम के अलावा मेजबान राजनांदगांव तथा सब-जूनियर बालिका वर्ग में स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर, कबीरधाम, बस्तर, बालोद, बिलासपुर, कोरबा, जांजगीर चांपा के अलावा मेजबान राजनांदगांव की बालिकाएं अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगी।



18 मार्च से 26 मार्च, 08 अप्रैल से 16 अप्रैल
06 मई से 14 मई, 22 मई से 30 मई, 04 जून से 12 जून 2025
माल रोड, फागू, कुफरी, नालदेहरा, मशोबरा, रोहतांग दर्रे, काली बाड़ी मंदिर, जाखू मंदिर, माल रोड स्कैंडल प्वाइंट, लक्कड़ बाजार, वर्षों पुरानी तारा देवी मंदिर, देवताओं की घाटी कुल्लू मणिक्रान
राशि:-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

# भाजपा को मिली बड़ी जीत में कई दिग्गज नेता हारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

इस नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिली है। वहीं इस चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के कई दिग्गज नेताओं को हार का सामना करना पड़ा है।

नगर निगम चुनाव के दौरान मतदान करने के बाद जनता खामोश नजर आई, जब मतगणना का रिजल्ट सामने आया तो आंकड़े चौंकाने वाले आए। इन आंकड़ों में एकतरफा भारतीय जनता पार्टी को ऐतिहासिक जीत मिली। नगर निगम में 39 भाजपा के पार्षद चुनकर आए। वहीं महापौर प्रत्याशी मधुसूदन यादव को 44 हजार से अधिक मतों की जीत मिली। इधर भाजपा और कांग्रेस के कई दिग्गजों को भाजपा की इस बड़ी जीत में भी हार का सामना करना पड़ा।




### वार्ड नंबर 24 की रही चर्चा

नगर निगम चुनाव में वार्ड नंबर 24 की चर्चा जोरों पर रही। यहां से शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा और भारतीय जनता पार्टी के शैंकी बग्गा के बीच कड़ा मुकाबला दिखाई दे रहा था। चुनाव परिणाम में शैंकी बग्गा ने 5 बार के पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा को लगभग साढे 5 सौ मतों के बड़े अंतर से परास्त कर दिया।

### महापौर प्रत्याशियों को वार्डवार मिले मतों की जानकारी

| वार्ड क्र. | मधुसूदन यादव | निखिल द्विवेदी | जीत का अंतर |
|---|---|---|---|
| 01 | 1861 | 647 | 1214 |
| 02 | 1245 | 322 | 923 |
| 03 | 1483 | 438 | 1045 |
| 04 | 1915 | 419 | 1496 |
| 05 | 1503 | 399 | 1184 |
| 06 | 1752 | 592 | 1160 |
| 07 | 1208 | 486 | 722 |
| 08 | 1504 | 462 | 1042 |
| **09** | **2007** | **375** | **1632** |
| 10 | 1707 | 656 | 1051 |
| 11 | 1217 | 581 | 636 |
| 12 | 1867 | 761 | 1106 |
| 13 | 1035 | 851 | 184 |
| 14 | 598 | 263 | 335 |
| 15 | 1306 | 426 | 880 |
| 16 | 2166 | 551 | 1615 |
| 17 | 745 | 248 | 497 |
| 18 | 1304 | 343 | 961 |
| 19 | 616 | 160 | 456 |
| 20 | 1406 | 491 | 915 |
| 21 | 1462 | 298 | 1164 |
| 22 | 1420 | 317 | 1103 |
| 23 | 1920 | 315 | 1605 |
| 24 | 1532 | 450 | 1082 |
| 25 | 1494 | 633 | 861 |
| 26 | 1334 | 479 | 855 |
| 27 | 1120 | 485 | 635 |
| 28 | 636 | 364 | 272 |
| 29 | 774 | 353 | 421 |
| 30 | 1142 | 392 | 750 |
| 31 | 709 | 256 | 453 |
| 32 | 1243 | 518 | 725 |
| 33 | 1232 | 483 | 749 |
| 34 | 1832 | 787 | 1045 |
| 35 | 1295 | 434 | 861 |
| 36 | 1250 | 546 | 704 |
| 37 | 1729 | 505 | 1224 |
| 38 | 1192 | 580 | 612 |
| 39 | 1492 | 513 | 979 |
| 40 | 1217 | 509 | 708 |
| 41 | 1276 | 324 | 952 |
| 42 | 1220 | 498 | 722 |
| 43 | 1279 | 389 | 890 |
| 44 | 1176 | 387 | 789 |
| 45 | 1826 | 635 | 1191 |
| 46 | 1272 | 409 | 863 |
| 47 | 967 | 450 | 517 |
| 48 | 1289 | 773 | 516 |
| 49 | 1287 | 300 | 987 |
| **50** | **867** | **764** | **103** |
| 51 | 1531 | 388 | 1143 |

नोट :- भाजपा प्रत्याशी मधुसूदन यादव को वार्ड नं. 09 में 1632 मतों से सबसे ज्यादा लीड एवं वार्ड नं. 50 में 103 मतों से सबसे कम लीड मिली।

### निगम अध्यक्ष से लेकर नेता प्रतिपक्ष हारे

15 फरवरी को मतगणना पश्चात संपन्न हुए नगरीय निकाय चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की लहर के बावजूद भाजपा के नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु पार्षद चुनाव हार गए। वहीं कांग्रेस के नगर निगम अध्यक्ष हरिनारायण धकेता को भी हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा, एमआईसी चेयरमेन रही सुनीता फड़णवीस, दुलारीबाई साहू को भी शिकस्त मिली। वहीं कांग्रेस संगठन में सक्रिय कुसुम दुबे, अमर झा, प्रज्ञा गुप्ता, मोहिनी सिन्हा, अवधेश प्रजापति को भी हार मिली। वहीं कुछ और दिग्गज नेता बमुश्किल अपनी सीट बचा पाए। उनकी जीत मामूली अंतर से हुई।

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें-
7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

## वार्डों में बराबर रहे भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी

# भाजपा का वनवास खत्म, अजय पटेल बने नगर पंचायत अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

स्थानीय नगर पंचायत की सत्ता से करीब 14 वर्ष तक दूर रहने के बाद भाजपा ने वनवास खत्म कर शानदार वापसी किया है। भाजपा के अजय पटेल ने शानदार जीत हासिल करते हुए अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया है । नगर के 15 वार्डों में भाजपा- कांग्रेस के सात-सात पार्षद जीतने में कामयाब हुए। वार्ड 6 में निर्दलीय प्रत्याशी ने धमाकेदार जीत दर्ज किया है। वार्ड 5 में भाजपा एवं कांग्रेस को बराबर मत मिलने के बाद लाटरी पद्धति से कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी घोषित किया गया।

शनिवार को होने वाली मतगणना को लेकर पहले ही संपूर्ण तैयारी कर लिया गया था। सुबह नौ बजे सामुदायिक भवन में भाजपा- कांग्रेस प्रत्याशियों के अलावा निर्दलीय प्रत्याशियों की उपस्थिति में रिटर्निंग ऑफिसर आकांक्षा साहू एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर अजय सिंह ने स्ट्रांग रूम से ईवीएम मशीन को मतगणना पर्यवेक्षक के 15 टेबल पर रखकर मतगणना शुरू कराया।

जानकारी के अनुसार अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी अजय पटेल को 1451 मत मिले। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी रितेश जैन को 756 मत एवं कांग्रेस से बागी प्रत्याशी भोजवानी साहू को 498 मत, हमर राज पार्टी के मनभावन सिंह उइके को 124 मत प्राप्त हुए। भाजपा प्रत्याशी श्री पटेल ने 695 मतों से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी कांग्रेस रितेश जैन को हराया। श्री पटेल के विजयी घोषित होते ही उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।



### कांग्रेस प्रत्याशी 14 वार्डों में हारे

मतगणना शुरू होने के बाद कांग्रेसी तब आश्चर्यचकित हो गए जब नगर के 15 वार्डों में से 14 वार्डों में कांग्रेस प्रत्याशी रितेश जैन को हार का सामना करना पड़ा । वार्ड सात गुरू गोविंद सिंह से उन्हें 92 मत प्राप्त हुए। उन्होंने 11 मतों से बढ़त हासिल किया।

*भाजपा-कांग्रेस के सात-सात पार्षद : नगर पंचायत अध्यक्ष पद पर भाजपा के अजय पटेल ने धमाकेदार जीत दर्ज किया किंतु नगर के 15 वार्डों में भाजपा- कांग्रेस के सात-सात प्रत्याशी चुनाव जीते। एक वार्ड में निर्दलीय ने जीत दर्ज किया। भाजपा से वार्ड 4 में बिन्दु तीरथ साहू, वार्ड 8 से टामेश्वर कुंभकार, वार्ड 9 से ललिताबाई कुंभकार, वार्ड 12 से गौरी सिन्हा, वार्ड 13 से सलूजा कोमरे, वार्ड 14 से दानेश्वर मंडावी, वार्ड 15 से भूषण नेताम ने जीत हासिल किया। इसी तरह कांग्रेस से वार्ड 1 से दीपक जगने, वार्ड 2 से रोशन रजक, वार्ड 3 से मोहम्मद वसीम, वार्ड 5 से सोनू खान, वार्ड 7 से राधे ठाकुर, वार्ड 10 दबीज खान, वार्ड 11 से मनोज यादव ने जीत हासिल किया। वार्ड 6 से अनिल लारोकर ने जीत दर्ज किया।*

### दो निर्दलियों में मुकाबला

वार्ड 6 अहमद भाई में भाजपा कांग्रेस के प्रत्याशियों को निर्दलीय चुनाव लड़ रहे दो प्रत्याशियों ने पछाड़ दिया। इस वार्ड के निर्दलीय प्रत्याशी अनिल लारोकर को 65 मत मिले वहीं दूसरे निर्दलीय आशिक खान को 54 मत प्राप्त हुए। इस तरह अनिल लारोकर 11 मतों से विजयी रहे। कांग्रेस को इस वार्ड में 24 और भाजपा के खाते में 19 मत आए।

### भाजपा-कांग्रेस के बीच टाई

वार्ड 5 में पार्षद पद का नतीजा चौंकाने वाला आया। इस वार्ड में भाजपा प्रत्याशी रूखसाना खान और कांग्रेस प्रत्याशी सोनू खान को 61- 61 मत मत मिले। बराबर मत मिलने के बाद निर्वाचन अधिकारियों ने लाटरी पद्धति से चिट निकाला जिसमें सोनू खान को निर्वाचित हुए।

# स्वामी निश्चलानंद सरस्वती का हुआ अभूतपूर्व स्वागत

## मड़मड़ा में क्षेत्र के सनातनियों की उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा





श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग हिंदू राष्ट्र अभियान अंतर्गत मड़मड़ा पहुंचे। जहां उनका आदित्यवाहिनी के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने अभूतपूर्व स्वागत किया। ऋग्वेदीय पूर्वामनाय गोवर्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनंतश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती महाभाग के दर्शन हेतु समस्त ग्रामवासियों का जन सैलाब उमड़ी। जिनके द्वारा प्रातःकालीन सत्र में पादुकापूजन किया गया, तदोपरांत दीक्षा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। द्वितीय सत्र में सायंकाल पूज्यपाद के मुखारविंद से धर्म, अध्यात्म एवं राष्ट्र पर आधारित विविध जिज्ञासाओं का समाधान किया गया। श्रीमज्जगदगुरु शंकराचार्य जी धर्मसंघ पीठपरिषद आदित्यवाहिनी एवं आनंदवाहिनी संस्था के संयोजकत्व में ग्राम मड़मड़ा में अशोक वर्मा, प्रदीप वर्मा, अनिल वर्मा, डॉ जितेंद्र वर्मा एवं बृजभूषण वर्मा के निवास में पधारे थे। इस दौरान बड़ी संख्या में आसपास क्षेत्र के सनातनियों व ग्रामीण जन उपस्थित थें।

# रैतापारा में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहगांव



विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत मोहगांव के समीपस्थ ग्राम रैतापारा में संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन विगत 10 फरवरी से आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कथा वाचक अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पं सच्चिदानंद त्रिपाठी वाराणसी कांशी उत्तरप्रदेश द्वारा ग्रामीणों व भक्तजनों को श्रीमद् भागवत कथा का रसपान कराया जा रहा है।

ग्राम रैतापारा निवासी स्व. राधेश्याम चंद्रवंशी पूर्व उपसरपंच एवं ग्राम प्रमुख के वार्षिक श्राद्ध पर संगीतमय श्रीमद्भावगत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया। जिस पर ग्रामाचार्य दिनेश शर्मा एवं मंच संचालक वेदप्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रतिदिन भक्तजन व बडी संख्या में पहुंचकर कथा श्रवण कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहें है। ग्राम रैतापारा व क्षेत्र में श्रीमद्भागवत कथा आयोजित होने से आसपास क्षेत्र में भक्तिमय का वातावरण बना हुआ है। मोक्ष-दायनी कथा प्रसंग में पं राधेश्याम त्रिपाठी ने बताया कि सुखदेव जी द्वारा राजा परीक्षित को आज की कथा में मोक्ष-दायनी समुद्र मंथन देवता और दानवों के द्वारा किया गया। समुद्र मंथन में चौदह रत्न की प्राप्ति हुई, समुद्र मंथन में ये अंतरात्मा का मंथन है और अपने ही आत्मा से चौदह रत्न की प्राप्ति होती है। अनुशरण किया जाए तो ये जीवन मंथन करने पर सर्वप्रथम संघर्ष रूपी विष निकलता है इसके बाद ही अमृत की प्राप्ति होती है। इस कथा से जीने वाले को मोक्ष की प्राप्ति होती है एवं मरने वाले को भी मोक्ष प्राप्ति होती है।

# पेंड्रीकला नौ दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस सम्मेलन का भव्य आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम चंद्र व समस्त ग्रामवासी के सहयोग से 10 से 18 फरवरी तक संगीतमय श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस नौ दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस सम्मेलन में आसपास क्षेत्र के मानस मण्डली परिवार द्वारा अपने-अपने कला व सुमधुर वाणी से श्रीराम कथा का भजन गायन ग्राम पंचायत पेंड्रीकला व आसपास क्षेत्र के ग्रामीणो को रसपान कराया जा रहा है।

जिसमें इस नौ दिवसीय श्री अखण्ड नवधा रामायण मानस सम्मेलन में श्रद्धालु गण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर तन-मन-धन से श्रीराम कथा का श्रवण पान कर रहें है। भगवान श्रीराम के चरित्र सिद्धांत पर हम सबको अपने जीवन में उतारकर अपने जीवन को सुखमय व आनंदित बनाना चाहिए और यह श्री राम नाम जीवन की नैय्या को पार करते हैं, इसलिए संसार के मोह माया से वंचित अथवा दूर होकर भगवान श्रीराम के गुणगान करना चाहिए तथा कलयुग केवल नाम आधारा, सुमर-सुमर उतरही पारा, कलयुग में सिर्फ श्री राम नाम सार है जो व्यक्ति श्रीराम नाम को सुमरते है या उसका नाम लेते है वह इस भव से पार हो जाते हैं। ग्राम पंचायत पेंड्रीकला में श्री अखण्ड नवधा रामायण कार्यक्रम आयोजित होने से श्रद्धालुगण एवं भक्तगण श्रीराम नाम के गंगा में डुबकी लगाकर अपने जीवन को धन्य बना रहे है।

## विद्यार्थियों को कराया शैक्षणिक भ्रमण




**हरिभूमि कोलेगांव।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी संस्कार पब्लिक स्कूल कोलेगांव के कक्षा 2 सरी से 5वीं तक के छात्र छात्राओं को रतनपुर स्थित मां महामाया मंदिर व कानन-पेंडारी बिलासपुर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। जिसमें स्कूली छात्र छात्राओं ने मां महामाया देवी की दर्शन व पूजा अर्चना किया वहीं कानन पेंडारी स्थल का भ्रमण कर शैक्षणिक लुफ्त उठाया। इस शैक्षणिक भ्रमण में विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार वैष्णव, शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## कोयलारी हाई स्कूल में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को दी गई विदाई

**हरिभूमि पिपरिया।** शासकीय हाई स्कूल कोयलारी में अध्ययनरत कक्षा 10 वीं के विद्यार्थियों को भाव भीनी विदाई दी गई। जिसमें शासकीय हाई स्कूल कोयलारी के कक्षा 9वीं की विद्यार्थियों की ओर से विदाई दिया गया। इस मौके पर छात्र छात्राओं द्वारा शानदार मनमोहक रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 10 वीं के सभी विद्यार्थी स्कूल में बिताए दो वर्षों का अपने-अपने अनुभव साझा किया। वहीं स्कूल के प्राचार्य नरेश कुमार सिन्हा ने कहा कि सभी विद्यार्थियों का साथ में गुजारे समय बहुत ही अच्छा रहा। साथ ही साथ पढ़ाई -लिखाई व परीक्षा अंतर्गत कहा कि बच्चों की मेहनत ही है जो उन्हें ऊंचाईयों तक ले जा सकता। समय का सदुपयोग व मोबाइल का उपयोग न करे, बिना भय के परीक्षा देने की बात कही। इस अवसर पर व्याख्याता कीर्तन लाल नायक, श्रीमती सोनलता मरकाम, कुमेश्वरी मारखंडे, खिलेश व मनराखन यादव सहित छात्र छात्राएं उपस्थित थें।



# कोयलारी में श्रीमद् देवी भागवत सह पंच कुण्डीय श्री गणेश महायज्ञ

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



श्रीमद् देवी भागवत महापुराण सह पंच कुण्डीय श्री गणेश महायज्ञ का आयोजन यज्ञेश्वर महादेव के कृपा प्रसाद स्वरूप श्रीमद् देवी भागवत महापुराण की भाव रसमयी कथा, नौ दिवसीय अखण्ड ज्योति कलश स्थापना एवं सिद्धि-बुद्धि दाता श्री गणपति की वृहद यज्ञ आराधना का महोत्सव सुलभ हुआ है। श्रेय स्कामी समस्त सुहृदों से आभार करते हुए पुरजन-परिजनमा सहित इस नौ दिवसीय पंच कुण्डीय महोत्सव को सार्थकता प्रदान करें। वहीं 18 फरवरी को भव्य शोभा यात्रा के साथ प्रतिदिन पाठ सुबह 8 बजे से यज्ञेश्वर महादेव पूजन अभिषेक एवं दोपहर 2 बजे से हरि इच्छा तक श्रीमद् देवी भागवत दिव्य सत्संग, 26 फरवरी को गौ-पूजन, गौ-प्रसाद, भण्डारा व 27 फरवरी को अखण्ड ज्योति कलश का विशेष पूजन एवं शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

# सांसद पांडे ने नुक्कड़ सभा को किया संबोधित

## लोगों को बताया सरकार की योजनाएं



हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव प्रचार के अंतिम दौर में शुक्रवार शाम को सांसद संतोष पांडेय ग्राम कुकुरमुड़ा में नुक्कड़ सभा को संबोधित कर भाजपा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 3 के प्रत्याशी प्रियंका ताम्रकार एवं जनपद प्रत्याशी डोमार सिंह को जिताने की अपील की।

उन्होंने कहा कि जनता ने केन्द्र और राज्य में कमल खिलाया है। अब समय हर गांव में कमल खिलाने का है। अपने गांव के विकास के लिए ग्रामीण जैसा सपना संजोऐ हुए हैं, उसे साकार करने के लिए भाजपा उमीदवार को जिताकर जिला पंचायत भेजना है, ताकि कोई गांव मूलभूत सुविधा का मोहताज न हो और शहर जैसी सुविधा ग्रामीणों को मिले। उन्होंने केन्द्र और राज्य की कल्याणकारी योजना को बताकर भाजपा उम्मीदवार को जिताने की अपील किया।

सभा को भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष घम्मन साहू, खम्मन ताम्रकार ने भी संबोधित किया।

### जो गोविंद का, उसी के साथ गोविंद

**छुईखदान।** हम देखते हैं कि लोग धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों मे बढ़ चढ़कर भाग लेते है। अनुष्ठानों में दिल खोलकर चढावा चढ़ाते है किन्तु बदले में कुछ चाह जरूर रखते है जो गडबड है। प्रभु से बदले मे कुछ न चाहकर केवल प्रेम चढाकर तो देखो गोविंद बहुत कुछ देंगे। उक्त उदगार नरेन्द्र नयन शास्त्री ने रगरा में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में व्यासपीठ की आसंदी से व्यक्त किए।

# मंदिर में प्रतिमा की स्थापना




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

बेलगांव में सामाजिक सहयोग से माता बहादुर कलारीन मंदिर का निर्माण किया गया है। मंदिर में मूर्ति स्थापना से पहले शोभायात्रा निकालकर भ्रमण किया गया। महाराज ने विधि विधान से मूर्ति स्थापना कराया।

मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल थी। उन्होंने माता बहादुर कलारीन एवं भगवान सहस्त्रबाहु की पूजा अर्चना किया। उन्होंने कहा कि कलार सिन्हा समाज की एकता अन्य के लिए एक मिसाल है। समाज सभी क्षेत्र में आगे है जिसके कारण ही मोहारा का रवेन्द्र सिन्हा ने नायब तहसीलदार की परीक्षा में सफलता हासिल किया। जिला अध्यक्ष शिवाशंकर डडसेना ने कहा कि दीपक सिन्हा के प्रयास से कलार समाज एक सूत्र में बंध रहा है। अंत में ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेश सिन्हा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डागेश्वर सिन्हा, मनोज सिन्हा, पुष्पा वर्मा, नाथूराम सिन्हा, लुकेश सिन्हा, निर्मला जितेंद्र सिन्हा, गंगाप्रसाद सिन्हा, चंद्रा सिन्हा, उत्तम सिन्हा, सुरेश सिन्हा, केदान सिन्हा, पूनम सिन्हा, भीमलाल सिन्हा, हरप्रसाद सिन्हा, पुष्पा सिन्हा तुलसीराम सिन्हा, ओमकार सिन्हा, राजेश सिन्हा, धनेश आदि उपस्थित थे।

### जनता ने कांग्रेस के कुशासन को नकारा



**डोंगरगांव।** भाजपा नेत्री हिना जैन ने नगर पंचायत चुनाव के परिणाम पर प्रसन्नता जताते हुए कहा है कि शहर के लोगों ने एक बार फिर अपनी जागरूकता और विकासपरक सोच से मतदान कर भाजपा पर भरोसा जताया है। उन्होंने कहा कि परिणाम से यह साबित हो गया है कि विकास का दावा करने वाली कांग्रेस यह बताने में बताने में पूरी तरह नाकाम रही कि बीते 15 सालों में शहर के विकास के लिए उसने क्या- क्या किया। लगातार सत्ता में रहने के बाद भी कांग्रेस के पार्षद लोगों को यह नहीं बता पाए कि उन्होंने पार्षद निधि का उपयोग करते हुए अपने वार्ड में क्या किया। उन्होंने उम्मीद जताया कि नगर अध्यक्ष और सभी पार्षद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप काम कर जनता की उम्मीदों करेंगे।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## चुनाव: प्रथम चरण में आज 508 मतदान केन्द्रों में 2 लाख 57 हजार 821 मतदाता डालेंगे वोट

# शहरी सत्ता के बाद गांव की सत्ता के लिए मतदान आज, दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के प्रथम चरण के लिए मतदान दलों को आज सामग्री वितरित कर रवाना किया गया।

कबीरधाम जिले में दो चरणों के त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन होना है। प्रथम चरण 17 फरवरी होगा। इसके अन्तर्गत होने वाले इस चरण में विकासखंड कवर्धा और सहसपुर लोहारा के तहत जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 9 से 14 में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अंतर्गत जनपद सदस्य, सरपंच और पंच का निर्वाचन होगा। दूसरे चरण का निर्वाचन 20 फरवरी हो होगा। इसके अन्तर्गत पंडरिया और बोड़ला विकासखण्ड के अंतर्गत होने वाले जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 01 से 08 तक निर्वाचन होगा। साथ जनपद सदस्य, सरपंच और पंच का निर्वाचन होगा।

मतदान का समय सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित किया गया है। कवर्धा विकासखंड में निर्वाचन के लिए 265 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जिसके लिए 265 मतदान दलों को कृषि उपज मंडी, कवर्धा से रवाना किया गया। इसमें कुल 1060 पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी शामिल हैं, जबकि 26 रिजर्व दल भी तैनात किए गए हैं। सहसपुर लोहारा विकासखंड में निर्वाचन के लिए 243 मतदान केंद्रों पर मतदान होगा, जिसके लिए 243 मतदान दलों को शासकीय स्वामी आत्मानंद स्कूल से रवाना किया गया। इसमें कुल 972 पीठासीन अधिकारी और मतदान अधिकारी शामिल हैं, तथा 26 रिजर्व दल तैनात किए गए हैं। जिला पंचायत निर्वाचन के रिटर्निंग अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि प्रथम चरण में कवर्धा और सहसपुर लोहारा विकासखंड के 6 जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों (09, 10, 11, 12, 13 और 14) में मतदान होगा। इसमें कुल 33 अभ्यर्थी निर्वाचन मैदान पर है। इन क्षेत्रों के अंतर्गत कुल 203 ग्राम पंचायतों में 508 मतदान केंद्रों पर 2,57,821 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। रिटर्निंग अधिकारी श्री त्रिपाठी ने बताया कि दोनों विकासखंड अंतर्गत कुल 203 ग्राम पंचायतों में मतदान होगा। इसमें कुल 2 लाख 57 हजार 821 मतदाता और 508 मतदान केन्द्र है। इन दोनो विकासखंड अंतर्गत जिला सदस्य निर्वाचन क्षेत्रों में 33 अभ्यर्थी शामिल है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 35 है। इन ग्राम पंचायतों में 44 हजार 29 मतदाता और मतदान केन्द्र 83 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 10 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 36 है। इन ग्राम पंचायतों में 42 हजार 31 मतदाता और मतदान केन्द्र 83 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 11 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 26 है। इन ग्राम पंचायतों में 40 हजार 325 मतदाता और मतदान केन्द्र 77 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 7 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 12 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 34 है। इन ग्राम पंचायतों में 42 हजार 337 मतदाता और मतदान केन्द्र 84 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 8 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 13 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 30 है। इन ग्राम पंचायतों में 41 हजार 587 मतदाता और मतदान केन्द्र 83 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 4 अभ्यर्थी है। क्षेत्र क्रमांक 14 के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की संख्या 42 है। इन ग्राम पंचायतों में 47 हजार 512 मतदाता और मतदान केन्द्र 98 है। इस निर्वाचन क्षेत्रों में 6 अभ्यर्थी है।



### कवर्धा जनपद पंचायत सदस्य के 94 प्रत्याशी मैदान पर

कवर्धा जनपद पंचायत के रिटर्निंग अधिकारी परमेश्वर मंडावी ने बताया कि कवर्धा जनपद पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत पंच पद के 637 वार्डों के लिए 1379 प्रत्याशी मैदान पर है। सरपंच पद के102 ग्राम पंचायतों के लिए 377 प्रत्याशी मैदान पर है। जनपद सदस्य के 24 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 94 प्रत्याशी मैदान पर है।

### स.लोहारा जप सदस्य के 104 प्रत्याशी मैदान में

सहसपुर लोहारा जनपद पंचायत के रिटर्निंग अधिकारी विवेक गोहिया ने बताया कि जनपद क्षेत्र सहसपुर लोहारा क्षेत्र के अंतर्गत पंच पद के 458 वार्डों के लिए 986 प्रत्याशी मैदान पर है। सरपंच पद के 93 ग्राम पंचायतों के लिए 332 प्रत्याशी मैदान पर है। जनपद सदस्य के 24 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 104 प्रत्याशी मैदान पर है।

## सिख समाज का स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान: उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने रविवार को कबीरधाम जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया। वे अपने कबीरधाम प्रवास के दौरान सिख समाज कवर्धा एवं एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल द्वारा आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर में शामिल हुए।

इस शिविर में चिकित्सकों द्वारा मरीजों की निःशुल्क जांच की गई और उन्हें विशेषज्ञ सलाह दी गई। उपमुख्यमंत्री ने शिविर के आयोजन के लिए सिख समाज कवर्धा और एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल की टीम को धन्यवाद दिया और इस तरह के शिविरों के आयोजन को बढ़ावा देने का आश्वासन दिया। इस शिविर में नगर पालिका के नव नियुक्त अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, पूर्व अध्यक्ष मनहरण कौशिक, हमीद सिद्दीकी, आशीष मित्तल और सिख समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार बच्चों की शिक्षा को लेकर गंभीर है और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक स्कूल के पाठ्यक्रम में गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादे, वीर जोबावर सिंह और फतेह सिंह के बलिदान की गाथा शामिल की जाएगी, ताकि आने वाली पीढ़ी को उनके साहस और बलिदान के बारे में जानकारी मिल सके।

यह कदम बच्चों को देशभक्ति और वीरता की प्रेरणा देने के उद्देश्य से उठाया गया है। उपमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि गुरु गोविंद सिंह जी की जड़ों से प्रेरणा लेकर हम अपने समाज को एक नई दिशा दे सकते हैं और उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने यह भी माना कि ऐसे कार्यों से बच्चों में न केवल इतिहास के प्रति रुचि जागृत होगी, बल्कि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी और कर्तव्यों को भी समझेंगे। समाज के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के इस कदम की सराहना की और इसे छत्तीसगढ़ की शिक्षा नीति में एक ऐतिहासिक परिवर्तन बताया।

## खबर संक्षेप

### पंचायत निर्वाचन 17 एवं 20 फरवरी को

**कवर्धा।** राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन दो चरण 17 और 20 फरवरी 2025 को होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गोपाल वर्मा के मार्गदर्शन में शांतिपूर्ण, स्वत्रंत और निष्पक्ष निर्वाचन के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। जिले में जिला सदस्य के 14 निर्वाचन क्षेत्र है। प्रथम चरण 17 फरवरी को विकासखंड कवर्धा एवं सहसपुर लोहारा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत 6 और 20 फरवरी को विकासखंड पंडरिया और बोड़ला निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत 8 क्षेत्रों में निर्वाचन होगा। इसके साथ ही जनपद सदस्य, ग्राम पंचायत सरपंच और पंच का निर्वाचन होगा। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 471 ग्राम पंचायतों में निर्वाचन होगा। इसमें कुल 5 लाख 88 हजार 886 मतदाता और मतदान केन्द्र 1163 है।

### 17 एवं 20 फरवरी को शराब विक्रय प्रतिबंधित

**कवर्धा।** निर्वाचन आयोग ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव-2025 के अवसर पर शराब विक्रय पर प्रतिबंध लागू किया जाएगा। इस संबंध में जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार इस संबंध में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्राप्त शक्तियों का उपयोग करते हुए प्रतिबंध लागू करने का आदेश जारी किया गया है। जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत के लिए मतदान 17 व 20 फरवरी को होना है। इस दिन संबंधित क्षेत्र में सभी शराब दुकान बंद रहेंगी।

## विपक्षी दल के रूप में भी नकारी जा रही कांग्रेस

### नहीं मिल पा रहा मजबूत विपक्ष का तमगा

- विधानसभा चुनाव के बाद नगरीय निकाय में भी करारी हार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को जिले के नगरीय निकाय चुनाव में भी करारी हार का सामना करना पड़ा है। बीते नगरीय निकाय चुनाव में भारी बहुमत लेकर कवर्धा नगर पालिका में काबिज हुई कांग्रेस के हांथों बहुमत इस बार के चुनाव में छिन चुका है।

वहीं जिले की बोड़ला, पंडरिया, पिपरिया, पाण्डातराई तथा स. लोहारा से भी कांग्रेस का तंबू उखड़ गया है। जिले की नवगठित इंदौरी नगर पंचायत में भी प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस कोई करिश्मा नहीं कर पाई। 15 फरवरी को सामने आए जिले के नगरीय निकाय चुनावों के इन परिणामों के बाद अब कांग्रेस नेतृत्व को लेकर सवाल खड़े होने लगे हैं।

हाल में हुए चुनावी परिणामों को देखते हुए ये कहना गलत नहीं होगा कि विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस बुरी तरह नकारी जा रही है। क्योंकि 5 वर्षो तक भाजपा भी विपक्ष में रही है और उसने भी विधानसभा तथा नगरीय निकाय चुनावों का सामना किया है लेकिन ऐसी हार कभी नहीं देखी जैसी की भाजपा को विपक्षी दल के रूप में देखनी पड़ रही है। बीते विधानसभा चुनाव की बात की जाए तो जिले की दोनों विधानसभाओं में कांग्रेस के प्रत्याशी बुरी तरह से हारे थे वहीं प्रदेश में भी कांग्रेस को शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा था और उसे 90 में से मात्र 35 सीटें ही मिली थी।

इसी प्रकार लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया था। राजनांदगांव लोकसभा सीट से उतरे प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा प्रदेश में कांग्रेस के वरिष्ट नेता भूपेश बघेल को जनता ने सिरे से नकार दिया था।

इसी प्रकार इस बार के नगरीय निकाय चुनाव की बात की जाए तो कवर्धा नगर पालिका के कुल 27 वार्डो में कांग्रेस को मात्र 5 वार्डो में ही जीत मिली है वहीं भाजपा ने 19 वार्डो में कब्जा किया है। दूसरी तरफ इस बार नगरीय निकायों में अध्यक्ष पद के लिए हुए स्वतंत्र चुनाव में भी कांग्रेस कवर्धा सहित जिले के किसी भी नगरीय निकाय में एक भी पद नहीं जीत पाई है। ऐसे में कांग्रेस की इस स्थिति को देखकर कहना गलत नहीं होगा कि कांग्रेस सत्ता से हटने के बाद एक मजबूत विपक्ष का भी तमगा भी हांसिल नहीं कर पा रही है।

जिस पर कांग्रेस नेतृत्व को विचार करना चाहिए। त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में क्या होगा भाजपा समर्पितों का विधानसभा चुनाव, नगरीय निकाय चुनाव निपटने के बाद अब त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव भी हो रहे हैं। सत्ता रूढ़ दल भाजपा, विपक्षी दल कांग्रेस सहित दीगर राजनैतिक दलों के समर्पितों ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के पंच, सरपंच, जनपद सदस्य, तथा जिला पंचायत सदस्य पदों के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाया है और लगा रहे हैं।

ऐसे में अब सवाल यह उठता है कि क्या विपक्षी दल के रूप में कांग्रेस समर्पित प्रत्याशी त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में बेहतर प्रदर्शन कर पायेंगे या फिर उन्हें इस त्रि-स्तरीय चुनाव में भी विधानसभा तथा नगरीय निकाय चुनाव की तरह करारी हार का सामना करना पड़ेगा।

### हेमचंद विवि ने परीक्षा परिणाम किए घोषित

**कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने अपने विभिन्न पाठ्यक्रम के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। इसमें सेमेस्टर परीक्षा अंतर्गत एमएससी आईटी प्रथम सेमेस्टर, एमए राजनीति विज्ञान तृतीय सेमेस्टर, एमए अंग्रेजी प्रथम सेमेस्टर, एमए अर्थशास्त्र प्रथम व तृतीय सेमेस्टर दिसंबर-जनवरी 2024-25 शामिल है। विवि ने पूरक परीक्षा अंतर्गत वर्ष 2021, 2022, 2024 के बीएससी भाग एक व तीन, बीए भाग एक, बीसीए भाग तीन व बी-कॉम भाग तीन शामिल है। परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड की गई है।

## पंचायत चुनाव के मतदान दल में हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई कर्मचारियों का शानदार संयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत जिले में त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत 17 फरवरी को प्रथम चरण में कवर्धा और सहसपुर लोहारा के लिए होने वाले चुनाव के लिए रविवार को स्थानीय स्वामी आत्मानंद स्कूल में मतदान दलों को मतदान सामग्री वितरण के दौरान एक शानदार संयोग देखने को मिला। यहां जनपद कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत केसली के मतदान केंद्र क्रमांक 11 में जिस मतदान दल को रवाना किया उसमें शामिल चार कर्मचारियों में हिन्दू, मुस्लिम, सिख और ईसाई धर्म के थे। की पोलिंग बूथ में मतदान एवं मतगणना कार्य करने ड्यूटी लगी है। इस बात की जानकारी इस मतदान दल को तब हुई जब उनकी ड्युटी लगाई है। दल में शामिल संजय कुमार यादव (हिन्दू), अब्दुल सईद खान (मुस्लिम), चरणजीत सिंग पाहुजा (सिख) तथा एल्विना विल्सन (ईसाई) ने जब आपस में एक दूसरे का परिचय प्राप्त किया तो वे खुद हैरान रह गए और इसे एक सुखद और शानदार संयोग बताया। इस शानदार संयोग के साथ ही एक और संयोग भी सामने आया कि इन चारों कर्मचारियों की दो-दो संतान है और चारों की दो-दो पुत्रियां है।

## सौ फीट खाई में गिरी बाइक, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले में एक बार फिर रफ्तार का कहर देखने को मिला है। जहां एक तेज रफ्तार मोटर सायकल अनियंत्रित होकर करीब सौ फीट गहरी खाई में गिर गई।

इस हादसे में मोटर सायकल सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुस्किल खाई से मृतक का शव निकालकर मर्ग कायम किया वहीं घायल युवक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को जिले के सिंघनुपरी थाना क्षेत्र के घानीखुटा घाट होते हुए ग्राम चारभाटा निवासी दो युवक अपनी मोटर सायकल से वापस अपने गांव लौट रहे थे। बताया जाता है कि इसी दौरान ग्रामीण युवकों की तेज रफ्तार मोटर सायकल अनियंत्रित हो गई और सीधे सड़क से उतरकर करीब सौ फीट नीचे खाई में जा गिरी।

बताया जाता है कि इस भीषण हादसे में मोटर सायकल सवार एक युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद राहगीरों ने इसकी सूचना क्षेत्रीय सिंघनपुरी थाना पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुस्किल खाई में उतरकर मृतक का शव निकाला और घायल युवक को अस्पताल में दाखिल कराया। जहां युवक का ईलाज किया जा रहा है। हालांकि अभी तक मृतक व घायल युवक का नाम सामने नहीं आ पाया है।

### संस्कार पब्लिक स्कूल राम्हेपुर का वार्षिकोत्सव: सफलता की नई ऊंचाइयां



**कोदवागोड़ान।** समीपस्थ ग्राम राम्हेपुर स्थित संस्कार पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव इस वर्ष अत्यंत धूमधाम और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम विद्यालय के इतिहास में एक और महत्वपूर्ण अध्याय के रूप में दर्ज हुआ। वार्षिकोत्सव के इस भव्य अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विशेषर सिंह पटेल, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग, विशिष्ट अतिथि के रूप में उत्तर यादव छत्तीसगढ़ प्रांत किसान कार्य प्रमुख आरएसएस, समाजसेवी और वरिष्ठ पत्रकार रविनंदन पाण्डेय, प्राचार्य डीसी पाण्डेय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुकदुर, सेवानिवृत्त प्राचार्य बीआर साहू और समाजसेवी जगदीप सिंह मातृभूमि कन्ट्रक्शन बिलासपुर ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की गरिमा और महत्व को और बढ़ाया। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने नृत्य, संगीत, नाटक और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के जरिए न केवल दर्शकों को आकर्षित किया, बल्कि यह भी साबित किया कि संस्कार पब्लिक स्कूल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सशक्त भूमिका निभाता है। नृत्य और संगीत के कार्यक्रमों ने भारतीय संस्कृति की सुंदरता को प्रस्तुत किया, जबकि नाटक और अन्य प्रदर्शन ने समाज की महत्वपूर्ण समस्याओं पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की पूजा अर्चना से हुई। मुख्य अतिथि विशेषर सिंह पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि, शिक्षा का उद्देश्य केवल विद्या देना नहीं, बल्कि छात्रों में समाजिक और सांस्कृतिक चेतना का विकास करना है।

### चुनाव जीतने के दूसरे दिन स्वच्छता को लेकर सड़कों पर निकले पालिकाध्यक्ष

## स्वच्छ शहर, सुंदर शहर की परिकल्पना साकार करना हम सबकी जिम्मेदारी: चंद्रप्रकाश



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका परिषद कवर्धा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी चुनाव जीतने के अगले दिन सुबह-सुबह सफाई व्यवस्था को लेकर अपने हाथ में झाड़ू लेकर कवर्धा शहर की सड़को पर उतरे। उन्होनें नगर पालिका टीम के साथ सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर कवर्धा शहर को स्वच्छ शहर-सुंदर शहर बनाने का बीड़ा उठाया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी अपने अध्यक्षीय कार्यकाल के प्रथम दिन ही अपने जिम्मेदारियों व मतदाताओं के विश्वास पर खरा उतरते हुए अपने कवर्धा शहर को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाने की परिकल्पना को साकार करने के लिए नगर पालिका परिषद कवर्धा से लेकर महामाया मंदिर परिसर, भारतमाता सौंदर्यीकरण स्थल, अंबेडकर चौक, शिवाजी चौक, रानी झांसी बालोद्यान, शारदा संगीत महाविद्यालय एवं बस स्टैण्ड परिसर की झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया।

### जीत का पहला दिन, स्वच्छता के नाम: चंद्रप्रकाश

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छ भारत-स्वस्थ्य भारत की कल्पना को साकार करने पूरे नगर पालिका टीम व कवर्धा शहर की जनता-जर्नादन के साथ-साथ कदम से कदम मिलाकर सड़को पर निकल चुके है। छत्तीसगढ़ शासन के उप मुख्यमंत्री व विधायक विजय शर्मा के नेतृत्व मार्गदर्शन में कवर्धा शहर को स्वच्छ व सुंदर शहर बनाकर भारत देश में चल रहे स्वच्छता अभियान के हिस्से में अपना परचम लहरायेगें। चुनाव जीतने के बाद आज पहला दिन उन्होनें स्वच्छ भारत अभियान के नाम किया। उन्होनें कहा कि हमारा संकल्प रहे कि हमारा शहर साफ-सुथरा हो, हम अपने घर से निकलने वाले कचरा को नगर पालिका से आने वाले रिक्शे में डाले, ताकि हमारा शहर साफ-सुथरा हो, गंदगी ना हो, जिससे हमारा स्वच्छ शहर का कल्पना साकार हो सके।

## छिरहा में होप 85 के लक्ष्य को लेकर तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




शासकीय हाई स्कूल छिरहा में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा में होप 85 अर्थात 85 प्रतिशत से अधिक परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों को तैयारी कराया जा रहा है। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने बताया कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विगत पांच-छः वर्षो के प्रश्न-पत्रों का लगातार अभ्यास कराया जा रहा है। पाठ्यक्रम के लिए निर्धारित ब्लू प्रिंट के अनुसार प्रश्नों की जानकारी दिया गया है। प्रीबोर्ड परीक्षा परिणाम के आधार पर विद्यार्थियों को तीन अलग-अलग श्रेणियों में विभाजित कर विषय शिक्षक विशेष मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं। पियर लर्निंग ग्रुप के माध्यम से विद्यार्थियों को समझने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। सभी शिक्षकगण विद्यार्थियों के विषयगत कठिनाईयों का निराकरण कर रहे हैं। गणित के सूत्रों को संकलित कर संबंधित प्रश्न हल कराए जा रहे हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे लेखन के गुर बताए गए हैं। अर्द्धवार्षिक व प्रीबोर्ड परीक्षा में कम अंक लाने वाले विद्यार्थियों को वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के अभ्यास के साथ ही पांच-छः अंक के प्रश्नों की जानकारी दिया जा रहा है। वहीं बेहतर अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सभी छोटे-बड़े प्रश्नों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। हिन्दी, संस्कृत व अंग्रेजी भाषा विषयों में निबंध व पत्र लेखन का अभ्यास करा रहे हैं। विद्यार्थियों को एक सुव्यवस्थित व अनुशासित अध्ययन योजना पर बल दिया जा रहा है। इसके लिए पालकों से भी चर्चा किया जा रहा है। विद्यार्थियों को बताया गया है कि वे आवश्यकतानुसार माशिमं के हेल्पलाइन में भी चर्चा कर मार्गदर्शन ले सकते हैं। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी, कल्पना मरावी, रंजीता माहेश्वरी एवं वीणाक्षी नामदेव रिवीजन कराने के साथ ही विद्यार्थियों को सतत मार्गदर्शन प्रदान कर रहे हैं।